

नवरात्रि का चौथा दिन मां कुष्माडां

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-215 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 06 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## अदम्य साहस और वीरता की प्रतीक, वीरांगना रानी दुर्गावती : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**शौर्य और बलिदान के स्मरण, नारी सशक्तिकरण एवं सम्मान का दिन है 5 अक्टूबर**



### मुख्यमंत्री ने मातृ-शक्ति के खातों में अंतरित किये 1574 करोड़ रूपए

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती का दिन शौर्य और बलिदान के स्मरण, नारी सशक्तिकरण एवं सम्मान का दिन है। रानी दुर्गावती अदम्य साहस और वीरता की प्रतीक थीं। उनके जीवित रहते कभी भी मुगल, पठान, सुल्तान या अन्य कोई भी आक्रांता गोंडवाना की तरफ आँख उठाकर नहीं देख सका। रानी दुर्गावती ने अंतिम श्वांस तक अपने राज्य को आक्रांताओं से सुरक्षित रखा और उसकी सुरक्षा करते हुए हंसते-हंसते प्राणोत्सर्ग कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके शौर्य और बलिदान को पुन: स्मरण करने के लिये सिंग्रामपुर में जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई इबारत लिखने के लिये केबिनेट करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मुझे बेहद प्रसन्नता है कि वीरांगना रानी दुर्गावती की पहली राजधानी से आज लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना में हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक से 1934 करोड़ 71 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई है। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना का शुभारंभ और क्षेत्र के विकास के लिये 5 करोड़ 47 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दमोह जिले के ग्राम सिंग्रामपुर में महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल सहित मंत्रि-परिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी सम्मान सर्वोपरि है। सभी वर्ग की महिलाओं के लिये अनेक हितग्राही और स्व-रोजगार मूलक योजनाएँ प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024-25 में लाड़ली बहना योजना में 18 हजार 984 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि सिर्फ दमोह जिले में ही ढाई लाख लाड़ली बहनों को योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बहनों को लखपति बनाने की योजना लागू की है। प्रधानमंत्री ने 'एक देश-एक चुनाव' की घोषणा की है। अब लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

### रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में 3900 रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति



#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद ने लिये अनेक निर्णय

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में दमोह जिले के सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के अभूतपूर्व योगदान के सम्मान में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में अधिकतम 3900 रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति दी। योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत गठित महासंघ द्वारा क्रय कोदो-कुटकी पर किसानों को महासंघ द्वारा भुगतान किये गये न्यूनतम क्रय मूल्य के अतिरिक्त यह सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में दिये जाने का निर्णय लिया गया। जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण योजना की निरन्तरता को मंजूरी

मंत्रि-परिषद ने निर्णय लिया कि सहकारी बैंकों के माध्यम से वर्ष 2024-25 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तर जारी रहेगी।

**हरियाणा चुनाव**

### पुनहाना में गर्माया माहौल, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों के बीच हुई हाथापाई

नूंह, (आरएनएस)। चुनावी राज्य हरियाणा में मतदान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच मारपीट हुई। दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हल्की चोटें आने की खबर है। इसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है।

हरियाणा में शनिवार को मतदान हो रहा है। वोटिंग के दौरान नूंह जिले के पुनहाना विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी और निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों के बीच झगड़ा हो गया। इस विधानसभा क्षेत्र के ख्वाजा कलां गांव में कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद इलियास और निर्दलीय उम्मीदवार रहीस खान के समर्थकों के बीच हाथापाई हुई। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।

ठीक इसी तरह की घटना पुनहाना विधानसभा क्षेत्र के गुलालता गांव के पास भी घटी है। यहां पर भी दोनों प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर पथराव किया। इसमें कुछ लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। दोनों पक्षों के बीच हाथापाई और पथराव का वीडियो भी सामने आया है।



*वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर सिंग्रामपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया ।*

## भारत-पाक रिश्तों पर वार्ता के लिए नहीं, एससीओ बैठक के लिए जा रहा हूं इस्लामाबाद : जयशंकर




नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने वाले हैं। उन्होंने पड़ोसी देश की अपनी आगामी यात्रा के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच किसी वार्ता की संभावना से इनकार किया है।जयशंकर ने माना कि दोनों देशों के बीच संबंधों की प्रकृति को देखते हुए उनकी पाकिस्तान यात्रा पर मीडिया का खासा ध्यान रहेगा लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दौरा किसी बातचीत के लिए नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि लगभग एक दशक में यह पहली बार है कि देश के विदेश मंत्री पाकिस्तान का दौरा करेंगे। दोनों देशों के बीच संबंध खास तनावपूर्ण रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण पाकिस्तानी धरती से संचालित होने वाली आतंकी गतिविधियां हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह (यात्रा) एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए होगी। मैं वहां भारत-पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा करने नहीं जा रहा हूं। मैं एससीओ के एक अच्छे सदस्य के रूप में वहां जा रहा हूं। आप जानते हैं, मैं एक विनम्र और सभ्य व्यक्ति हूं, इसलिए उसी के अनुसार व्यवहार करूंगा। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है। अपनी यात्रा के बारे में विस्तार से बताते हुए जयशंकर कहा, मैं इस महीने पाकिस्तान जाने वाला हूं। यह यात्रा एससीओ शासनाध्यक्षों की मीटिंग के लिए है। आम तौर पर, राष्ट्राध्यक्षों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के लिए प्रधानमंत्री जाते हैं। इस साल यह मीटिंग इस्लामाबाद में हो रही है क्योंकि पााकिस्तान ग्रुप का एक नया सदस्य है।आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस द्वारा आयोजित सरदार पटेल व्याख्यान में जयशंकर ने पाकिस्तान पर उसकी आतंकी गतिविधियों को लेकर परोक्ष हमला भी किया। विदेश मंत्री ने कहा, आतंकवाद एक ऐसी चीज है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। हमारे एक पड़ोसी ने आतंकवाद का समर्थन करना जारी रखा है। इस क्षेत्र में यह हमेशा नहीं चल सकता। यही कारण है कि हाल के वर्षों में सार्क की बैठकें नहीं हुई हैं।

### शिमला में मस्जिद की तीन मंजिलें अवैध घोषित, कोर्ट ने दो महीने में दिया ढहाने का आदेश



शिमला (आरएनएस)। शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर हुई सुनवाई में कोर्ट ने मस्जिद की तीन मंजिलों को अवैध घोषित कर दिया है। कोर्ट ने दो महीने के अंदर इसे ढहाने के आदेश दिए है। नगर निगम आयुक्त ने शिमला की संजौली मस्जिद के उस हिस्से को हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे खुद ही मस्जिद कमेटी ने आगे आकर हटाने की पेशकश की थी। इसके लिए दो महीने का समय दिया गया है। नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने कहा कि मस्जिद के तीन फ्लोर को हटाने का काम वक्फ बोर्ड की देखरेख में होगा। आयुक्त ने कहा कि मस्जिद की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल को हटाए जाने की अनुमति दी जाती है। मस्जिद के शेष हिस्से की सुनवाई 21 दिसंबर, 2024 को होगी।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर, सुरक्षाबलों ने एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम



कुपवाड़ा (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा से बड़ी खबर सामने आ रही है। जिले में एलओसी के साथ सटे गुगलडारा इलाके में आज सुबह घुसपैठ का प्रयास कर रहे आतंकियों और सुरक्षाबलों बीच मुठभेड़ में दो आंतकी ढेर हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक इलाके में तीन से चार आतंकी होने की आशंका है।

इलाके में सेना का सर्च अभियान जारी है।भारतीय सेना ने कहा कि सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सैनिकों ने गुगलधार में संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद गोलीबारी हुई। ऑपरेशन अभी भी जारी है और इसका नेतृत्व जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना की संयुक्त टीम कर रही है।

### बंगाल में चौथी कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म के बाद हत्या, गुस्साई भीड़ ने पुलिस चौकी को किया आग के हवाले

कोलकाता (आरएनएस)। बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में चौथी कक्षा की एक छात्रा से कथित दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना सामने आई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग उग्र हो गए और आज सुबह से ही भारी बवाल चल रहा है। आक्रोशित लोगों ने आरोपित के घर सहित स्थानीय महिषमारी पुलिस चौकी में जमकर तोड़फोड़ की। भीड़ ने पुलिस चौकी में आग तक लगा दी। इलाके में मुख्य सड़क को भी अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया। लाठी-डंडे लेकर महिलाओं ने घटनास्थल पर पहुंचे बारुईपुर के एसडीपीओ को दौड़ाया। उत्तेजित भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया।



### मजदूरों से भरी ट्राली पलटी, 7 लोग घायल

विदिशा (आरएनएस)। नटेरन जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम कस्बा खेड़ी क्षेत्र में मजदूरों से भरी ट्राली पलट गई। इसमें 7 लोग घायल हो गए। वह पास के गांव पीपरी में सोयाबीन काटने के लिए जा रहे थे। रास्ता खराब होने की वजह से हादसा हो गया। घटना में शाम करीब 5 बजे की है। ट्रॉली में 20-25 मजदूर सवार थे, जिनमें से 2 महिलाएं और 5 लड़कियां घायल हो गईं। सभी कस्बाखेड़ी के निवासी हैं।



## बढ़ते तनाव के बीच सोने में बंपर निवेश कीमतें आसमान पर पहुंची

नई दिल्ली (ए)। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच सोने की कीमतों में उछाल जारी है। इस सप्ताह सोने में निश्चित उछाल देखने को मिला है। ईरान-इजरायल संघर्ष के कारण सोने की ऊंची कीमतों के साथ अधिक खरीद के बावजूद खरीदारों की स्थिति बरकरार रही। शनिवार को सोने की कीमतों में मामूली बढ़त देखी गई। शनिवार सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत 7,785.3 रुपये प्रति ग्राम थी। यह शुक्रवार के मुकाबले 120 रुपये की वृद्धि को दिखाती है। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत 7,138.3 रुपये प्रति ग्राम थी, जो कि शुक्रवार से 110 रुपये ज्यादा थी।

## आवासीय क्षेत्र के लिए ज्यादातर नागरिक शहर के दक्षिणी क्षेत्र वाले ऐरिया को नहीं कर रहे पसंद

***नहरों की जगह की चोरी करके कुकरमुत्तों की तरह तानी जा रही हैं अवैध कालोनियां, प्रशासन बना हुआ है पंगु***

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के दक्षिणी क्षेत्र वाले व सिवनी मालवा मार्ग पर कालोनियां तो बन रही हैं। लेकिन इस क्षेत्र की कालोनियों में लोग जाने की बजाय माखन नगर पिपरिया वाले मार्ग की ओर जाना पसंद कर रहे हैं। इसीलिए तुलनात्मक रूप से शहर के पूर्वी क्षेत्र की कालोनियां को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। अधिकांश लोग शहर से एक दो किलोमीटर के दायरे वाले वाली कालोनियों में आवास चाहते हैं। अनेक अवैध कालोनियां कुकरमुत्ते की तरह चोरी की रेत से तन रही हैं। इतना ही नहीं इस क्षेत्र में अनेक कालोनाईजरों के द्वारा नहरों की जगह की चोरी व हेराफेरी करके लोगों के खून पसीने की कमाई के पैसे ऐंठकर कमाई करने की कवायद की जा रही है। शहर के अनेक क्षेत्रों में तमाम अवैध कालोनियां बन रही हैं। इसके बाद भी प्रशासन गांधरी व घृतराष्ट्र बने हुए हैं। आंख पर पट्टी बांध कर दुर्योधनों को संरक्षण दिया जा रहा है। अनेक अवैध कालोनियों में बडी मात्रा में दलाल प्लाट बिकवाने या मकान बनवाने के लिए सक्रिय हैं। इतना सब होने के बाद भी प्रशासन पंगु बना हुआ है। भू-माफिया प्रशासन को दबाना चाह रहा है। प्रशासन अर्थात सरकारी नौकर अपना समय गुजारने तथा नौकरी का समय व्यतीत करने में लगे हुए हैं। बैठकें करके नए नए निर्देश देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री करने की कवायद की जा रही है।

**नहरों की होना चाहिए गहन खोजबीन**

शहरी क्षेत्र के आसपास की अनेक क्षेत्रों की नहरें गायब हो गई। जिसमें अनेक कालोनाइजरों की और पूर्व के भ्रष्ट अधिकारियों की मिली भगत के चलते नहरें गायब होती गई उन पर कालोनियां बनती गई। कालोनाइजरों का भला करने के लिए तथाकथित अधिकारी अर्थात सरकारी नौकर अपना जमीर बेचकर एक दो प्लाट अपने या अपने परिजनों के नाम पर चोरी से चुपके से रजिस्ट्री करा कर चले गए। नहरों को जीमने वाले काले कारनामें करने वाले कालोनाईजरों और नौकरों की मिली भगत से अनेक स्थानों पर कालोनियां बन गई हैं। यदि वास्तव में सही तरीके से जांच हो जाए तो शासन के मद में अवैधानिक रूप से नहरों को गायब करने वाले कालोनाईजरों से जुर्माने के तौर पर करोड़ों रूपये की राशि जमा हो सकती है। लेकिन सरकार को कड़े निर्णय लेने पड़ेंगे।

**कृषि भूमि हो रही कम**

बेतादात बन रही कालोनियों के चलते कृषि प्रधान जिले की कृषि भूमि लगातार कम होती जा रही है। जिस पर शासन प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। आने वाले समय में और भी कम भूमि रह जाएगी। इसलिए मल्टी बनाने के लिए शासन को पहल करनी चाहिए। कालोनाईजरों को भी सख्त हिदायत दी जाए कि प्रत्येक कालोनियों में एक मल्टी बनाना अनिवार्य हो।





### बाढ़ पीड़ितो के बीच जाकर भाजपा नेता राकेश सिंह ने राहत सामग्री बाटी

सोनपुर, (आरएनएस)। दरियापुर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा कर भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने जायजा लिया और बारवे पंचायत तुर्की मनसा बाबा गाँव मे जाकर पीड़ित परिवार के बीच चुरा मीठा और बिस्किट का लगभग 150 परिवारों के बीच वितरण किया गया और प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने अधिकारी से भी बात कर लोगो को उचित लाभ पहुंचाने और मदद करने की बात कही और कहा की यह प्रेरणा हमें माननीय सांसद राजीव प्रताप रूडी जी मिली और रूडी जी भी बाढ़ छेत्र मे हर संभव मदद पहुंचे इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है ।

### राहुल गांधी ने कोल्हापुर में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण किया

**कहा- सिंधुदुर्ग में मूर्ति टूटी क्योंकि नीयत साफ नहीं थी**

मुंबई (ए) ।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोगों को डराने और देश में संविधान को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। वे कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे थे। राहुल ने कहा कि नीयत दिख जाती है। उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने मूर्ति बनाई, जो कुछ दिन बाद टूट गई। उनकी नीयत गलत थी। शिवाजी महाराज की मूर्ति ने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो शिवाजी विचारधारा की रक्षा भी करनी पड़ेगी। इसके बाद वे संविधान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि आरक्षण से 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक कानून लेकर आएगी।





# रानी दुर्गावती जयंती अद्वितीय मनी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने विजिटर पंजी में लिखा अद्भुत दृश्य मंत्रीगण के साथ आना इतिहास बना पर्यटन की दृष्टि से नए केलेवर में रानी दुर्गावती से जुड़े स्थल विकसित होंगे

भोपाल ( निप्र) वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले के जबेरा तहसील स्थित सिंगौरगढ़ के किले के हाथी दरवाजा का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रानी दुर्गावती के इतिहास पर केन्द्रित पुरातत्व विभाग की प्रदर्शनी का फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रीगणों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रानी दुर्गावती के इतिहास और शौर्य से रू-ब-रू हुए। मुख्यमंत्री ने हाथी दरवाजा पर विजिटर पंजी में लिखा कि अद्भुत दृश्य, ऐतिहासिक किला, रानी दुर्गावती और अन्य पुरातत्व महत्व के स्थानों पर आकर खासकर मंत्रीगणों के साथ आना अत्यंत आनंददायक रहा। इतिहास बना। रानी दुर्गावती जयंती अद्वितीय मनी। मंत्रीगणों द्वारा भी शुभकामनाएं लिखी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती की जयंती एक ऐतिहासिक दिन है। कई योजनाएं भी रानी दुर्गावती के नाम पर संचालित होगी। उन्होंने कहा कि इस स्थल पर प्रदेश और देश से लोग आएं तथा रानी दुर्गावती के गौरवान्वित करने वाले इतिहास से अवगत हो। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रीगणों को बधाई दी और कहा कि पर्यटन की दृष्टि से इस स्थल को नए केलेवर में विकसित किया जाएगा। किले की उम्र कई सौ साल होने के बाद भी उसकी दीवारें आज भी मजबूती से खड़ी हैं। रानी महल, हाथी दरवाजे, स्नान के लिए किले के अंदर बने जलाशय और किले की पहाड़ियों में बने गुप्त रास्तों का रहस्य आज भी पहेली लगता है। किले के मुख्य हाथी दरवाजे से कुछ दूरी पर सिंगौरगढ़ जलाशय है यहां आज भी बारह महीने



पानी रहता है। रानी दुर्गावती की वीरता के किस्से और प्रसिद्धि अब भी चहुंओर फैली है।

## मानसरोवर आयुर्वेद चिकित्सालय ने पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी निशुल्क दवाइयां

भोपाल, (आरएनएस)। मानसरोवर आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर ने शनिवार के कोलार पुलिस थाने में स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा शिविर लगाया। इसके तहत कोलार थाना में कार्यरत पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सा परामर्श, निशुल्क दवा वितरण और पैथोलॉजिकल परीक्षण किया गया। शिविर में मनोरोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, पाचन विकार, एंजायटी, निद्रानाश जैसी बीमारियों का निदान किया गया। साथ ही आवश्यक रोगियों की रक्तचाप, शुगर, खून की जांच के साथ लिवर, किडनी, लिपिड की भी निशुल्क जांच की गई।मौके पर मौजूद रहे डॉ. प्रदीप अढाव, शल्य विशेषज्ञ, डॉ. नेहा कोठारी, कायचिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. विवेक सोनी, निदान विशेषज्ञ, डॉ. जागृति रिछारिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ के साथ पि जी स्कॉलर डॉ प्रतीक सिंह ठाकुर, डॉ उमा किरार और छात्र निशांत गोस्वामी, चेतना रघुवंशी, ज्योति जरारिया, रोशन नायक ने भी पूरा सहयोग दिया।

## ग्लोबल स्किल्स पार्क भोपाल में इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन पर विशेष प्रशिक्षण संपन्न



भोपाल (आरएनएस)। संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क में जेबीएम समूह के वरिष्ठ इंजीनियरों और तकनीशियनों के लिए इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और मेंटिनेंस पर केन्द्रित दो-सप्ताह का औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 अक्टूबर को संपन्न हुआ। कौशल विकास और रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)गौतम टेटवाल के नेतृत्व और सचिव राजेन्द्र रघुराज के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम ने उद्योग पेशेवरों को अत्याधुनिक उपकरणों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया, जो राज्य के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वरिष्ठ निदेशक जीएसपी शमीम उद्दीन ने बताया कि 24 अगस्त को नए परिसर के उद्घाटन के बाद से यह जीएसपी द्वारा आयोजित पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो उनके उत्कृष्ट संसाधनों और तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने बताया कि यह पहल मध्यप्रदेश में उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी कदम है।

## पैगंबर मोहम्मद पर नरसिंहानंद की टिप्पणी के विरोध में विधायक मसूद ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

भोपाल, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में संत यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर मोहम्मद के बारे में की गई विवादित टिप्पणी से बवाल मच गया है। इसकी आंच अब मप्र तक भी पहुंच गई है। राजधानी भोपाल में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले में यति नरसिंहानंद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की।विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि हमारे नबी के बारे में प्रायोजित ढंग से बार-बार नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है। पहले महाराष्ट्र से एक ने बोला, अब गाजियाबाद में बोला गया। मेरी समझ से ये किया नहीं जा रहा, बल्कि करवाया जा रहा है। उसका फायदा ये ऐसे उठाते हैं कि एकाध मुकदमा छोटी-सी धाराओं में दर्ज होने के बाद उनको आजादी दे दी जाती है। कोई गिरफ्तारियां नहीं होती। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती। सख्त एक्शन नहीं होता तो दोबारा उनकी हिम्मत बढ़ती है और वो इस तरह का प्रोपेगंडा करते हैं।मसूद ने कहा- ऐसे वक्त में जब नवरात्र का पर्व चल रहा है। जिसमें सभी की आस्था है, सब लोग उनको मानते हैं। तो ऐसे में एक समाज को इस तरह उकसाना कि कोई ना कोई इस तरह का अप्रिय बयान दें या कोई अप्रिय कृत्य करें, जिससे घटनाएं घटित हों। इससे लोग सावधान रहें, इनकी बातों में न आएं।

## मप्र में पांचवी और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा मार्च में संभावित, वस्तुनिष्ठ और अति लघुत्तम प्रश्न होंगे अधिक

### राज्य शिक्षा केंद्र ने सत्र 2024-25 की रूपरेखा एवं अंक योजना की जारी

भोपाल, (आरएनएस)। मप्र बोर्ड के सरकारी व निजी स्कूलों की पांचवीं व आठवीं की वार्षिक परीक्षा मार्च में आयोजित किए जाने की संभावना है। राज्य शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पांचवीं व आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों एवं पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा कराने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा परिणाम के लिए अधिभार अंक भी निर्धारित कर दिए गए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी दिशा-निर्देश के मुताबिक अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए अधिभार अंक 20, वार्षिक परीक्षा लिखित अधिभार अंक 60 और वार्षिक परीक्षा प्रोजेक्ट कार्य के लिए अधिभार अंक 20 निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक विषय में दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों की संख्या कम होगी, जबकि वस्तुनिष्ट व अति लघुउत्तरीय प्रश्नों की संख्या अधिक होगी।निर्देश में कहा गया है कि सभी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन राज्य शिक्षा द्वारा निर्धारित ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयार कराए गए प्रश्न-पत्रों और निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही कराया जाएगा। सरकारी स्कूलों के लिए



अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न-पत्र राज्य स्तर से तैयार कराए जाएंगे, जबकि निजी स्कूल निर्धारित ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्न-पत्रों को स्वयं तैयार कराएंगे।

### निजी स्कूलों में भाषा विषय में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक से पूछे जाएंगे प्रश्न

सरकारी स्कूलों में भाषा विषय (हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत) की राज्य स्तर के एससीईआरटी पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे जाएंगे। वहीं निजी स्कूलों में अगर एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें लागू हैं तो उनसे ही प्रश्न पूछे जाएंगे। वहीं अन्य विषयों के प्रश्नपत्र भी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक से ही पूछे जाएंगे।

### 33 प्रतिशत अंक लाना होगा

प्रत्येक विषय की लिखित परीक्षा व आंतरिक मूल्यांकन में अलग-अलग न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। प्रत्येक विषय के बाह्य एवं आंतरिक मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं करने वाले विद्यार्थियों को पुन: परीक्षा में शामिल होना होगा। पुन: परीक्षा में भी फेल होने वाले विद्यार्थियों को उसी कक्षा में रोका जाएगा।

### परीक्षा अंक योजना छमाही परीक्षा

-अधिभार 20 अंक वार्षिक परीक्षा(लिखित) -60 अंक आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) -20 अंक -- इस तरह के होंगे लिखित परीक्षा के प्रश्नों के पैटर्न बहु विकल्पीय प्रश्न-पांच अंक(पांच प्रश्न) रिक्त स्थान की पूर्ति वाले प्रश्न-पांच अंक(पांच प्रश्न) अति लघुउत्तरीय प्रश्न -12 अंक (छह प्रश्न) लघु उत्तरीय प्रश्न -18 अंक (छह प्रश्न) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-20 अंक (चार प्रश्न)।

## पैगंबर मोहम्मद पर नरसिंहानंद की टिप्पणी के खिलाफ शहर काजी ने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत



भोपाल(आरएनएस)। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान के खिलाफ भोपाल शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने शिकायत की है। शनिवार दोपहर उन्होंने पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा से मुलाकात की। कहा- हाल ही में एक कथित वीडियो प्रसारित किया गया है। जिसमें पैगंबर मोहम्मद और कुरआन के प्रति आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणी की है। इससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।शहर काजी ने अपनी शिकायत में कहा कि यति नरसिंहानंद ने अपने भाषण में न केवल पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ अनर्गल बातें कहीं, बल्कि हिंदू परंपरा के अनुसार रावण दहन की प्रथा को बदलने की बात की। उन्होंने अपने कथनों से समाज में धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास किया है। यह भाषण नफरत से भरा हुआ है, जो न केवल सांप्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने का प्रयास है, बल्कि इससे समाज में हिंसा और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह मामला अत्यधिक संवेदनशील है। यह बयान उस समय आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरब देशों के साथ मधुर संबंध स्थापित करने की नीति ने भारत की वैश्विक छवि को मजबूती दी है। इस तरह के भड़काऊ बयान न केवल भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने का प्रयास है, बल्कि यह प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के साथ विश्व स्तर पर भारत की साख को कमजोर करने की कोशिश है।

## 16 साल से कैद महिला को भोपाल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर किया रेसक्यू

### ससुराल वालों ने 2008 से नहीं मिलने दिया था मायके वालों से, कर रखा था घर में कैद



भोपाल (ए)। घटना का विवरण महिला थाना में आवेदक किशन लाल साहू निवासी जिला नरसिंहपुर द्वारा उपस्थित आकर आवेदन दिया गया कि उनकी पुत्री रानू साहू का विवाह विवाह 2006 में किया गया था। वर्ष 2008 के बाद से उन्हे पुत्री के ससुराल वालों ने उनसे मिलने नही दिया। पुत्री के बेटे और बेटी को भी उससे दूर कर कहीं भेज दिया गया है। ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाने के बाद से उनकी पुत्री की हालत खराब होने के बारे में पड़ोसियों द्वारा खबर दी गई है। बेटी रानू को घर से रेस्क्यू किया जाकर उपचार दिलाया जाए एवं ससुराल पक्ष के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।आवेदन प्राप्त होते ही मामलें से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा उनके मार्गदर्शन में पीड़िता के परिजनों को हमराह लेकर एन जी ओ तथा महिला थाना व जहांगीराबाद पुलिस स्टाफ की मदद से महिला रानू को रेस्क्यू किया गया। महिला बोलने की स्थिति में नही थी। उपचार हेतु परिजनों के साथ अस्पताल रवाना किया गया।

## ट्रक ड्रायवर से गांजा खरीदकर ग्रामीण इलाको में बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल की क्राइम ब्रांच टीम ने एक ऐसे गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो ट्रक ड्रायवर से गांजा खरीदकर भोपाल के साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाको में बेचता था। थाना क्राइम ब्रांच टीआई अशोक मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम को मुखबिर से सूचना मिली एमपी नगर जोन-1 में वाईन शाप के सामने एक सदिंग्ध व्यक्ति खाद की बोरी में गांजा भरकर खड़ा है, जो ग्राहक का इंतेजार कर रहा है। खबर मिलते ही टीम ने मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी करते हुए उसे पकड लिया। पूछताछ में उसकी पहचान हरिनारायण श्रीवास्तव पिता बाला प्रसाद (45) निवासी ग्राम बिलखिरिया भोपाल के रुप में हुई। उसके पास मौजूद खाद की बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 1 लाख 80 हजार कीमत का 9 किलो 610 ग्राम गांजा रखा मिला। गांजे के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया की वह गांजा बायपास रोड़ से एक ट्रक ड्रायवर से सस्ते दाम में खरीदता हैं, और उसे भोपाल सहित आसपास के गॉवो में महंगे दाम में बेचकर अधिक मुनाफा कमाता हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए गांजा जप्त कर लिया गया।



## वनरक्षकों ने सीएम मोहन यादव को लिखा पत्र, वसूली रोकने की रखी मांग

भोपाल, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में इन दिनों वनरक्षकों से वसूली की जा रही है। यह वसूली वित्त विभाग द्वारा वन विभाग के वेतन वितरण में हुई गड़बड़ी के कारण की जा रही है। अब इस वसूली को रोकने के लिए रीवा और सतना के वनरक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखा है। यह पत्र उन्होंने अपने खून से लिखा है।वनरक्षकों का कहना है कि वन और वित्त विभाग द्वारा जो वेतन वितरण में गलतियां हुई है उसकी सजा उन्हें क्यों दी जा रही है। बता दें कि, पिछले महीने की 19 तारीख को मध्य प्रदेश सरकार ने वन विभाग द्वारा वेतन वितरण में की गई गड़बड़ी के चलते वनरक्षकों से 165 करोड़ वसूलने का निर्देश जारी किया था।सीएम मोहन यादव को खून से लिखे पत्र में वनरक्षकों ने कहा वेतन बैंड क्या देना है यह तो वन और वित्त विभाग ने तय किया है तो 12 प्रतिशत बयाज दर पर वनरक्षकों से अतिरिक्त राशि को वसूलना गलत है। पत्र में लिखा गया है कि इन दोनों विभागों की गलती की सजा वनरक्षकों को क्यों दी जा रही है? बता दें कि, सतना और रीवा जिलों में खून से पत्र लिखने वाले वनरक्षकों में मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच सतना के विभागीय समिति अध्यक्ष नरेंद्र पयासी, अरविंद सिंह, मुकेश पांडे, बृजलाल वर्मा, संजय प्रजापति, रमायण यादवेन्द्र, ब्रजेश मिश्रा आदि शामिल हैं।मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने इस विषय में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि विभाग की गलती से यदि कर्मचारियों को अधिक वेतन भुगतान किया जाता है तो उसकी वसूली कर्मचारियों के वेतन से नहीं होगी। वहीँ हाईकोर्ट ने भी स्पष्ट कहा है कि वनरक्षकों के वेतन से वसूली करना विधि सम्मत नहीं है। बता दें कि, प्रदेश के 6592 वनरक्षकों से 165 करोड़ रुपए की वसूली की जा रही है।सितंबर के माह में मध्य प्रदेश सरकार को वित्त विभाग ने वन विभाग में वेतन वितरण को लेकर चल रही गड़बड़ी का पूरा विवरण दिया था। इसमें बताया गया था कि वन रक्षक भर्ती नियम के अंतर्गत वनरक्षकों को 5200+1800 का वेतन बैंड दिया जाना था लेकिन 1 जनवरी 2006 से 8 सितंबर 2014 तक 6592 वनरक्षकों को 5680+1900 का वेतन बैंड दिया गया था। इससे सरकार को करीब 165 करोड़ का घाटा हुआ था। मोहन सरकार ने इस गड़बड़ी पर बड़ा एक्शन लेते हुए वनरक्षकों से पैसे वसूलने का आदेश दिया था। इस आदेश में कहा गया था कि साल 2006 से कार्यरत प्रत्येक वनरक्षक से पांच लाख रूपए और 2013 से कार्यरत वनरक्षक से 1.5 लाख रुपए वसूले जाएंगे।

## एटीएम मशीन हैक कर ठगो ने दो लोगो के खाते से उड़ा दिये डेढ लाख

### मशीन में डिवाइस लगाकर एटीएम कार्ड को किया होल्ड, एटीएम में चिपकाया फर्जी हेल्पलाइन नंबर

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल में सायबर ठगोरो को एक और अनोखा कारनामा सामने आया है। जालसाजो ने लोगो के एकाउंट से रकम उड़ाने के लिये एटीएम मशीन में ऐसी डिवाइस लगाई, जिससे मशीन में डालने के बाद एटीएम कार्ड मशीन में ही होल्ड हो जाये। शातिरो ने परेशान लोगो के लिये एटीएम बूथ में ही फर्जी हेल्पलाइन नंबर का स्टिकर चिपका दिया। जब लोगो ने मदद के लिये उस नंबर पर फोन किया तब जालसाजो ने उनसे डिटेल लेकर एकाउंट से रकम उड़ा दी। जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले शाहपुरा के मनीषा मार्केट में स्थित आईसीआईसीआई बैंक की एटीएम मशीन के मेंटनेंस के लिए कर्मचारी बूथ पर पहुंचे थे। वहॉ चैकिंग के दौरान उन्हें मशीन के अंदर एक डिवाइस अलग से लगी मिली। इसकी सूचना चूनाभट्टी पुलिस को दी गई। एटीएम के अंदर चार एटीएम कार्ड भी मिले थे। आगे की छानबीन करने पर इन एटीएम कार्ड का उपयोग करने वाले दो लोगो ने पुलिस से अपने साथ ठगी की शिकायत की है। पुलिस ने बताया कि 81 वर्षीय दिनेश दवे और 76 वर्षीय सीएस दवे ने एक जैसी लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह पैसै



निकालने के लिये एटीएम बूथ पर गये थे। मशीन में एटीएम कार्ड इन्सर्ट करने पर वह भीतर ही अटक गया। मदद के लिए उन्होनें वहॉ लगे स्टीकर पर नजर आये हेल्पलाइन नंबर पर फोन लगाया। दूसरी और से बात करने वाले व्यक्ति ने उनसे बेसिक जानकारी ली, लेकिन उसने एटीएम पिन नहीं पूछा था। समस्या जानने के बाद उस व्यक्ति ने कहा की वह अपना पिन मशीन में पिन डाले। करने पर उनका एटीएम बाहर आ गया लेकिन ट्रांजेक्शन न किये जाने से उस समय ट्रांजेक्शन का कोई मैसेज नहीं आया था। अगले दिन शाम के समय दिनेश दवे को 45 हजार और सीएस दवे के एकाउंट से 1 लाख की रकम का ट्रांजेक्शन किये जाने का मैसेज गया जब उन्हें ठगी का पता चला। आरोपियो की तलाश में जुटी पुलिस बूथ सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल रही है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन 7 अक्टूबर तक

भोपाल (आरएनएस)। जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड़, भोपाल के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा - 2025 के आवेदन ऑनलाइन उपलब्ध हैं वे ही छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय, ईजीएस के कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हैं तथा जिनका जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के मध्य हुआ हो। आवेदक ने कक्षा तीसरी, चौथी, पांचवीं में लगातार प्रत्येक पूर्ण सत्र में अध्ययन किया हो तथा एक ही कक्षा में पुनरावृत्ति न की हो। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं को शिक्षा, आवास, भोजन, यूनिफार्म, पाठय, पुस्तकें एवं दैनिक उपयोग की वस्तुऐं नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त नवीन शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर, इंटरनेट, स्मार्ट क्लास की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश बनेगा शीर्ष राज्य - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### मझौली में 10 करोड़ लागत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया भूमि-पूजन



भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिये तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार का प्रयास स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश का शीर्ष राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, पेयजल और सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से काम हुये हैं। कृषि के क्षेत्र में प्रदेश सात वर्षों से देश का सिरमौर बना हुआ है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जबलपुर के मझौली में 10 करोड़ रुपये लागत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान योजना से लाखों गरीबों ने अच्छे अस्पतालों में अपना नि:शुल्क उपचार कराया है। आयुष्मान कार्डधारियों को अपने उपचार के लिये अब किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, उनका इलाज सरकार करा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक की आयु के प्रत्येक बुजुर्ग को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इसके दायरे में इनकम टैक्स चुकाने वाले और सेवा निवृत्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी आयेंगे, अमीर या गरीब का कोई भेद नहीं रहेगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन का 100 बिस्तर अस्पताल में होगा उन्नयन

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन कर इसे सिविल अस्पताल बनाने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी के नवीन भवन के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नये बने चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक स्टॉफ की पदस्थापना भी जल्द की जायेगी। सरकार का प्रयास है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला अस्पताल स्तर की सुविधाएँ देने के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि लोगों को निकट स्थित केंद्र में ही स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों और जिला अस्पताल जाने की जरूरत न पड़े। सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई स्थानीय जन प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्वालियर जिले की 3,12,763 लाड़ली बहनाओं के खातों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहुँचाई 38.44 करोड़ से अधिक धनराशि

### लाड़ली बहनों के खातों में गैस रिफिल योजना के तहत अनुदान और 1,09,377 हितग्राहियों के खाते में पहुँचाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन



ग्वालियर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने से सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश भर के साथ ग्वालियर जिले के हितग्राहियों के खातों में पहुँचाई धनराशि कलेक्टर श्रीमती चौहान की मौजूदगी में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले के सिंग्रामपुर में आयोजित हुए कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर जिले के हितग्राहियों के खातो में भी धनराशि पहुँचाई। उन्होंने लाड़ली बहना योजना के तहत ग्वालियर जिले की 3 लाख 12 हजार 763 बहनाओं के खातों में लगभग 38 करोड़ 44 लाख 73 हजार रूपए से अधिक राशि अंतरित की। इस कार्यक्रम के जरिए ग्वालियर जिले की रसोई गैस कनेक्शनधारी 56 हजार 279 लाड़ली बहनों के खातों में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगभग 89 लाख 59 हजार रूपए का जून महीने का अनुदान पहुँचाया। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत उन्होंने जिले के एक लाख 9 हजार 377 हितग्राहियों के खातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 6 करोड़ 56 लाख रूपए से अधिक धनराशि अंतरित की। शनिवार को यहाँ कलेक्ट्रेट में एनआईसी कक्ष में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने लाड़ली बहनाओं का पुष्पाहारों से स्वागत किया और उन्हें प्रमाण-पत्र सौंपे। साथ ही प्रतीक स्वरूप लाडली बहनाओं को गैस सिलेंडर के अनुदान पत्र भी सौंपे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास धीरेन्द्र सिंह जादौन, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती कृति दीक्षित व जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। साथ ही लाभान्वित हुईं लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं।

**सीधे प्रसारण के जरिए सुना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उदबोधन**

दमोह जिले के सिंग्रामपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण इस अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में मौजूद किसानों व लाड़ली बहनाओं, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने टीवी स्क्रीन से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उदबोधन सुना। इसी तरह जिले के विभिन्न ग्रामों में भी सीधे प्रसारण के जरिए किसान भाईयों व लाड़ली बहनाओं एवं अन्य हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए कार्यक्रम को देखा और सुना।

## मैहर गौरव दिवस : माता शारदा को समर्पित की गई दो हजार मीटर लंबी चुनरी

मैहर,(आरएनएस)। जिले के गौरव दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जिले में पांच किमी लंबी चुनार यात्रा निकाली गई। यात्रा के बाद दो हजार मीटर लंबी चुनरी त्रिकुटा पर्वत पर विराजमान माता शारदा के चरणों में समर्पित की गई। इस चुनार यात्रा में हजारों की संख्या में स्थानीय लोग आस्था और उत्साह के साथ शामिल हुए। सतना से अलग होकर जिला बनने के बाद पहली बार आयोजित मैहर गौरव दिवस के कार्यक्रमों का सिलसिला पिछले कई दिनों से ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक चल रहा था। मुख्य समारोह के अवसर पर शनिवार (5 अक्टूबर) को सुबह 6 बजे मैहर के घंटाघर से माता शारदा के दरबार तक पांच किमी लंबी चुनार यात्रा निकाली गई। मैहर वेद विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ चुनार यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में महिलाएं लाल साड़ी, कन्याओं और युवतियां सलवार कमीज और पुरुष पीले कुर्ते के ड्रेस कोड में शामिल हुए।

## इंदौर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर,(आरएनएस)। देवी अहिल्या बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद एयरपोर्ट सहित पूरे इलाके में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। आने-जाने वाली फ्लाइट्स में सुरक्षा एजेंसियां लगातार जांच कर रही हैं। हालांकि ई-मेल भेजने वाले के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। शुक्रवार को एयरपोर्ट के सिक्योरिटी इंचार्ज की ऑफिशियल आईडी पर आए ई-मेल में एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद सिक्योरिटी इंचार्ज ने तत्काल एरोड्रम थाना पुलिस से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। एरोड्रम पुलिस ने देर शाम मेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर सुरक्षा और अन्य एजेंसियों को इस बारे में अलर्ट कर दिया है। मामला शुक्रवार सुबह का है, लेकिन एयरपोर्ट की सुरक्षा से जुड़ा मामला होने की वजह से प्रबंधन ने खबर को सार्वजनिक नहीं किया था।

## दो युवक आपस में भिड़े,जमकर चले लात-घूंसे और बेल्ट

दतिया, (आरएनएस)। जिले के सेवड़ा चुंगी इलाके में किसी बात को लेकर हुई बहस के बाद दो युवक आपस में भिड़ गए। दोनों में बेल्ट और थप्पड़ से जमकर मारपीट शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगो ने बीच-बचाव कराना चाहा, लेकिन दोनों युवक उनके सामने भी लड़ते रहे। इस दौरान किसी ने मारपीट की वीडियो बना कर वायरल कर दी है। जो वीडियो शनिवार दोपहर सामने आया है। हालाकि, अभी मामला थाने तक नहीं पहुंचा है। बताया गया है कि दोनों युवक सेवड़ा चुंगी क्षेत्र के ही रहने वाले है। जो साथ में बैठे थे, तभी किसी बात पर हुई मामूली कहा सुनी के बाद आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों युवक एक-दूसरे पर लात-घूंसों और बेल्ट से मारपीट करने लगे। मामला सिविल लाइन थाने का है। पुलिस ने इस मामले में जानकारी होने से इनकार किया है। यह वायरल वीडियो 2 मिनट 16 सेकेंड का है।

## अनियंत्रित होकर पुल के नीचे लटका ट्रक, ड्राइवर की मौत

मंदसौर, (आरएनएस)। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के बेल्लारी गांव के पास 8 लेन एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल तोड़ते हुए पुलिया के बीच में फंस गया। इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई, वहीं ड्राइवर का सहयोगी क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सीतामऊ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना सुबह 7 बजे के आसपास की है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बेल्लारी गांव के पास बने पुल को तोड़ते हुए सड़क और जमीन के बीच में झूल गया।इस घटना में ट्रक चालक आशु पिता इशाक खान, उम्र 52 साल, निवासी भरतपुर (राजस्थान) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक क्लीनर मुकीम पिता उस्मान खान, उम्र 22 साल, निवासी भरतपुर (राजस्थान) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस की सहायता से सीतामऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर मंदसौर रेफर किया गया है।बताया जा रहा है कि घटना के वक्त ट्रक चालक को झपकी लग गई थी, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे लटक गया।

## 11 प्रकरणों में औद्योगिक इकाइयों को कुल 5 करोड़ 93 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत



उज्जैन (आरएनएस)। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक का आयोजन प्रशासनिक संकुल भवन में किया गया। बैठक में जिला व्यापार उद्योग केंद्र उज्जैन की ओर से एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2021 अंतर्गत कुल 20 प्रकरण प्रस्तुत किये गए । जिसमें से समिति द्वारा 11 प्रकरण उद्योग विकास अनुदान एवं 5 अन्य अनुदान सहायता के स्वीकृत किए गए। वहीं 03 प्रकरण लंबित रखे गए एवं 01 प्रकरण निरस्त किया गया। समिति द्वारा स्वीकृत 11 प्रकरणों में औद्योगिक इकाइयों को कुल 5 करोड़ 93 लाख 70 हजार की राशि स्वीकृत हुई जो आगामी 4 वर्षों में इकाइयों को देय होगी। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित औद्योगिक इकाईयों से उद्योग संबंधित सुझाव एवं समास्याओं पर चर्चा की गई तथा उसके निराकरण के लिए आश्वाशन दिया गया। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अतुल बाजपेई अन्य अधिकारी तथा विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के स्वामी उपस्थित रहे।

## मंडी में रेत बेचने के लेकर दो पक्षों में मारपीट

छतरपुर, (आरएनएस)। सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत शनिवार सुबह गायत्री मंदिर के पास रेत मंडी में रेत बेचने के लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कुछ देर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की, जिसकी जानकारी थाने में दी गई। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थानों में लेकर गई। वहीं, सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने दोपहर दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की।दरअसल, शहर के गायत्री मंदिर के पास रेट मंडी लगाई जाती है। शनिवार की सुबह 9 बजे रेत बेचने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसकी शिकायत दोनों पक्षों ने सिटी कोतवाली में दी है। वहीं, थाना कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार, रवि पाठक पिता प्रभु दयाल पाठक निवासी नैंगुवा थाना सटई का रहने वाला है। वह बालू बेचने का काम करता है। शनिवार की सुबह 9 बजे रेत बेचने के लिए गायत्री मंडी में ट्रैक्टर लेकर आया था। तभी पास में संदीप यादव का भी ट्रैक्टर लगा था। एक व्यक्ति ने बालू खरीदने के रेट की बात की।

## पूर्व गृहमंत्री डॉ. मिश्रा का बादामों से किया तुलादान

दतिय(आरएनएस)। पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा शुक्रवार सुबह दतिया पहुंचे। उन्होंने पीतांबरा पीठ पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके बाद अपने निवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। पूर्व गृहमंत्री पंचम कवि की टोरीया पर विश्वदेवा परिवार द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्वदेवा परिवार ने पूर्व गृहमंत्री का बादामों से तुलादान कर स्वागत सम्मान किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान में भाजपा के सदस्य बनें और अपने परिवार के सदस्यों को भी भाजपा के सदस्य बनाएं। कार्यक्रम में विपिन गोस्वामी, अतुल भूरे चौधरी, प्रशांत ढेंगुला, बृजेश यादव, अनूप यादव, दीपू सोनी, संघर्ष यादव आदि शामिल रहे।

## व्यापार समाचार

## एथेनॉल निर्माताओं की लिवाली से मक्का में उछाल

जयपुर (आरएनएस)। एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों की मांग निकलने से इन दिनों मक्का की कीमतें तेज बोली जा रही हैं। बिहार की हरियाणा डिलीवरी मक्का के भाव वर्तमान में 2780 रुपए प्रति क्विंटल चल रहे हैं। मक्की के भावों में आए उछाल को लेकर जानकारों का कहना है कि पौल्ट्री व्यवसाय की बढ़ती मांग और एथेनॉल बनाने में मक्का के उपयोग के कारण इसकी कीमतों में तेजी आई है। यही कारण है कि वर्तमान में मक्का के भाव एमएसपी से काफी ऊंचे चल रहे हैं। वर्ष 2023-24 के लिए सरकार ने मक्के का एमएसपी 2090 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया हुआ है। भीलवाड़ा से ब्रोकर संजय अजमेरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की हरियाणा डिलीवरी मक्का के भाव 2660 रुपए प्रति क्विंटल में व्यापार हो रहा है। इस बीच राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की नई मक्का भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र एवं गुजरात में नई मक्का की आवक हो रही है। लिहाजा मक्का की कीमतों में अब लंबी तेजी के आसार समाप्त हो गए हैं।

पिछले दो साल की तुलना में दुगुने दाम मिल रहे

वर्ष 2022 में मक्का के भाव 1200 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास थे, जबकि वर्तमान में मक्का 2600 रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर बिक रही है। जानकार बताते हैं कि मक्की का उपयोग कपड़ा, स्टार्च, कुक्कुट समेत अन्य उद्योगों में लगातार बढ़ता जा रहा है।

किसान खुश, पॉल्ट्री उद्योग परेशान

जहां एक ओर मक्के का दाम बढ़ने से किसान खुश हैं, वहीं मक्का की सप्लाई कम होने से पॉल्ट्री (मुर्गी पालन) उद्योग और स्टार्च कंपनियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पॉल्ट्री उद्योग और स्टार्च निर्माताओं ने सरकार से मक्के की उपलब्धता बढ़ाने के उपाय करने की मांग की है। जानकारों का कहना है कि देश में मक्का के दाने और मक्का की खली का उपयोग दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। मक्के का जहां पॉल्ट्री क्षेत्र में ज्यादा उपयोग होता है, वहीं मक्का की खली को दुधारू पशुओं के लिए उपयोगी माना जाता है।

## पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने पर नई गाड़ियों की खरीद में मिलेगी छूट

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली के लोगों को दीपावली से पहले बड़ा तोहफा मिला है। अब, आप पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने के बाद नई गाड़ी लेते वक्त अच्छी-खासी छूट का फायदा उठा सकते हैं। दिल्ली सरकार की तरफ से मोटर व्हीकल टैक्स पर छूट देने की योजना को मंजूरी मिल गई है।

इस योजना की खास बात यह है कि सर्टिफिकेट आफ डिपॉजिट (सीओडी) जारी होने के बाद अगले तीन साल तक वह मान्य रहेगा। दिल्ली सरकार अब दिल्लीवालों को पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने पर नई गाड़ियों की खरीद में मोटर व्हीकल टैक्स पर छूट देगी। मुख्यमंत्री आतिशी से इस योजना की मंजूरी मिल चुकी है और बहुत जल्द इसे अधिसूचित भी कर दिया जाएगा। इस योजना के तहत नए कमर्शियल और नॉन कमर्शियल गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन के दौरान रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी में पुराने स्क्रैप किए गाड़ी के सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) जमा करवाने पर लोगों को मोटर व्हीकल टैक्स में छूट मिलेगी। इस योजना के तहत नए नॉन-ट्रांसपोर्ट पेट्रोल, सीएनजी, एलपीजी चालित वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर मोटर व्हीकल टैक्स में 20 प्रतिशत और ऐसे डीजल चालित वाहनों के लिए छूट 15 प्रतिशत होगी।

ट्रांसपोर्ट (कमर्शियल) में इस्तेमाल होने वाले पेट्रोल, सीएनजी, एलपीजी चालित वाहनों को मोटर व्हीकल टैक्स में 15 प्रतिशत और ऐसे नए डीजल चालित वाहनों के लिए 10 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

# देशभर में काटे गए 1.77 करोड़ मोबाइल कनेक्शन, 45 लाख फेक कॉल भी किए ब्लॉक

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उपकरणों का उपयोग करके अब तक 1.77 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काट दिए गए हैं। इसके अंतर्गत वह मोबाइल कनेक्शन काटे गए हैं। इनमें नकली या जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था।

इसके अलावा, चार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) के सहयोग से एक उन्नत प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया है। इसके तहत अब तक 45 लाख फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों को भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में आने से रोका गया है। संचार मंत्रालय ने कहा, अगले चरण में एक केंद्रीकृत प्रणाली शामिल होगी, जो सभी टीएसपी में शेष बची फर्जी कॉलों को समाप्त कर देगी, इसके शीघ्र ही चालू होने की उम्मीद है। वहीं दूरसंचार विभाग ने एक उन्नत प्रणाली शुरू की है। इसके तहत भारतीय दूरसंचार उपभोक्ताओं तक पहुंचने से पहले आने वाली अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए तैयार की गई है।

इस व्यवस्था को दो चरणों में लागू किया जा रहा है। पहला चरण



टीएसपी स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके तहत अपने ग्राहकों के फोन नंबर से आने वाली फर्जी कॉल को रोका जा सकेगा। दूसरा चरण केंद्रीय स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे टीएसपी के ग्राहकों के फोन नंबर से आने वाली फर्जी कॉल को रोका जा सकेगा। 1.77 करोड़ मोबाइल कनेक्शनों पर कार्रवाई के तहत केंद्र ने देश के साइबर अपराध हॉटस्पॉट/जिलों में साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 33.48 लाख मोबाइल कनेक्शन काट दिए और 49,930 मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक कर दिए। एक व्यक्ति के लिए निर्धारित सीमा से अधिक मोबाइल कनेक्शन वाले लगभग 77.61 लाख कनेक्शन काट दिए गए हैं और साइबर अपराध या धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल 2.29 लाख मोबाइल फोन ब्लॉक कर दिए गए हैं। चोरी/खोए हुए 21.03 लाख मोबाइल फोन में से लगभग 12.02 लाख का पता लगा लिया गया है। साथ ही डीओटी और टीएसपी ने एसएमएस भेजने में शामिल लगभग 20,000 संस्थाओं, 32,000 एसएमएस हेडर और 2 लाख एसएमएस टेम्पलेट को काट दिया है।मंत्रालय ने बताया, बैंकों और पेमेंट वॉलेट्स ने करीब 11 लाख खातों को फ्रीज कर दिया है, जो फर्जी/जाली दस्तावेजों के आधार पर लिए गए डिस्कनेक्ट मोबाइल कनेक्शन से जुड़े थे।

## अंबानी अब भी दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें और एशिया में पहले स्थान पर

### -निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपये का हुआ नुकसान



नई दिल्ली (ए)। चालू सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 4,000 अंक से अधिक नीचे गिर गया। इस गिरावट के कारण निवेशकों को 16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सेसेंक्स में शुक्रवार को हुई गिरावट से रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 1.62 अरब डॉलर (लगभग 13,612 करोड़ रुपये) की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उनकी कुल संपत्ति घटकर 105 अरब डॉलर हो गई। इसके बावजूद, अंबानी दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें और एशिया में पहले स्थान पर बने हुए हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 8.93 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली, जिससे वहां के अरबपतियों की संपत्ति में भी वृद्धि हुई। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की संपत्ति में सबसे अधिक 6.73 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिससे उनकी कुल संपत्ति 263 अरब डॉलर हो गई। मस्क पहले स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद मार्क जकरबर्ग 211 अरब डॉलर और जेफ बेजोस 209 अरब डॉलर के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

### क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़ोत्तरी..आज बदली पेट्रोल और डीजल की कीमतें

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़ोत्तरी हो रही है। अब इसका रेट 74.45 रुपये प्रति बैरल हो गया है। पिछले कुछ दिनों से कच्चे तेल की कीमतों में यह बढ़ोतरी दिख रही है। भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों के आधार पर रोजाना पेट्रोल-डीजल की कीमतों का संशोधन करती हैं।शनिवार को देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें (प्रति लीटर) इस प्रकार है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 और डीजल 87.62, मुंबई में पेट्रोल 104.21 और डीजल 92.15, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 और डीजल 91.76, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 और डीजल 92.34, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.84 और डीजल 88.95, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों के कारण भारत में भी पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव हो रहे हैं।

## स्विगी की 10 मिनट में खाना डिलीवर करने की सेवा 'बोल्ट' शुरु

नई दिल्ली (आरएनएस)। । ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने घोषणा की कि वह कुछ चुनिंदा फूड आइटम्स को 10 मिनट में डिलीवर करने की सेवा 'बोल्ट' शुरू कर रही है। स्विगी की इस नई सेवा का उद्देश्य ग्राहकों को और तेज़ और सुविधाजनक सेवा प्रदान करना है। फिलहाल, यह सेवा भारत के 6 प्रमुख शहरों हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली, पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु के चुनिंदा स्थानों पर शुरू की गई है। आने वाले हफ्तों में इसे और भी जिलों में विस्तार दिया जाएगा। कंपनी ने कहा है कि इसका मकसद ग्राहकों को बिना किसी इंतजार के लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के लिए जल्दी से खाना उपलब्ध कराना है। 'बोल्ट' सेवा के तहत, स्विगी दो किलोमीटर के दायरे में मौजूद चुनिंदा रेस्तरां से त्वरित फूड डिलीवरी करेगी। इस सेवा के तहत बर्गर, बिरयानी, नाश्ते के सामान, और पेय पदार्थ जैसे आइटम्स पेश किए जाएंगे, जिन्हें बनाने में कम समय लगता है। इसके साथ ही, आइसक्रीम, मिठाई, और स्नैक्स जैसी वस्तुओं की भी डिलीवरी दी जाएगी जो पहले से पैक होकर तैयार होती हैं।

## ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग में भारतीय और यूरोपीय संघ के स्टार्टअप व्यावसायिक सहयोग को दे रहे बढ़ावा

नई दिल्ली(आरएनएस)। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरियों का रिसायकल एक भू-राजनीतिक और जलवायु संबंधी अनिवार्यता है। सरकार के अनुसार, इस क्षेत्र में भारतीय और यूरोपीय स्टार्टअप नवाचार और व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं।सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस मुलाकात के साथ नवाचार, स्थिरता और अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए भारत और यूरोपीय संघ की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में स्टार्टअप के प्रतिनिधि, भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के अधिकारी और चुनिंदा भारतीय स्टार्टअप के सदस्य शामिल थे।सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि यह सहयोग प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, बाजार पहुंच और सह-विकास के लिए नए अवसर पैदा करता है। यह आर्थिक लचीलापन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है। यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी में भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) कार्य समूह 2 (डब्ल्यूजी 2) के तहत आयोजित की गई थी।भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की उप प्रमुख डॉ. इवा सुवारा ने व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद के समर्थन के माध्यम से कहा हम यूरोपीय संघ और भारतीय स्टार्टअप को एकजुट होने, नवाचार में अग्रणी होने, व्यापार सहयोग को बढ़ावा देने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को बाजार में लाने में सहायता करने में सक्षम हैं। इस बैठक में ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों के महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारतीय और यूरोपीय स्टार्टअप के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में हुई प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया।



## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## लंबे कार्य-घंटों में छिपी अमानवीयता

श्रम मंत्री ने कहा है कि अन्ना की मौत के मामले की जांच शुरू हो चुकी है और सात से 10 दिन में रिपोर्ट आ जाएगी। लेकिन रिपोर्ट क्या आएगी? क्या लंबे कार्य-घंटों के चलन में कोई गोपनीयता है?

अर्न्स्ट एंड यंग (ईएंडवाई) की कर्मचारी अन्ना सिबैस्टियन पेरायिल की मौत के सोशल मीडिया पर बड़ा मुद्दा बनने के बाद लंबे कार्य-घंटों में छिपी अमानवीयता को लेकर भारतीय राजनेताओं की संवेदना में क्षणिक हलचल दिखी है। अन्ना के गृह राज्य यानी केरल के नेता ज्यादा आहत नजर आए हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कार्य-घंटों को सीमित करने के लिए एक निजी मेंबर बिल पेश करने की घोषणा की है। थरूर ने कहा है कि किसी को भी एक दिन में आठ घंटों के ज्यादा' काम नहीं करना चाहिए। मामला गरम होते देख सत्ताधारी नेता भी विवाद में कूदे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कॉलेजों एवं संस्थानों को सलाह दी कि वे अपने यहां छात्रों को काम के तनाव को संभालने के लिए प्रशिक्षण का इंतजाम करें। श्रम राज्य मंत्री शोभा करांडजले ने मामले की जांच की घोषणा की। अब श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि जांच शुरू हो चुकी है और सात से 10 दिन में रिपोर्ट आ जाएगी। लेकिन रिपोर्ट क्या आएगी? क्या लंबे कार्य-घंटों के चलन में कोई गोपनीयता है? यह आज की कार्य संस्कृति का हिस्सा है, जिसे बढ़ावा देने में खुद सरकारों का योगदान है।इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति खुलेआम कर्मचारियों से हफ्ते में 70 घंटे काम लेने की वकालत कर चुके हैं। अन्ना ने अपनी मां को लिखे पत्र में कहा था- काम का बोझ, नया माहौल, और लंबे कार्य-घंटों की कीमत उसे शारीरिक, भावनात्मक, और मानसिक रूप से चुकानी पड़ रही है। लेकिन क्या यह सिर्फ किसी एक कर्मचारी की व्यथा कथा है? ईएंडवाई बहुराष्ट्रीय कंपनी है। उसमें नौकरी हाई-प्रोफाइल मानी जाती है। उसके कर्मचारी उच्च मध्य वर्ग का हिस्सा होते हैं। संभवत~ यह भी एक कारण है, जिसकी वजह से अन्ना की मौत मुद्दा बनी और राजनेताओं की संवेदना को भी छू सकी। वरना, इसी समय तमिलनाडु स्थित सैमसंग कंपनी में मजदूरों की हड़ताल चल रही है। कार्य-स्थियों में सुधार उनकी भी एक प्रमुख मांग है। लेकिन यह खबर कितने लोगों के पास है? तो कुल मिलाकर मामला सोशल मीडिया तूफान का है, जिसके थमते ही नेताओं की भावनाएं भी यथास्थिति में चली जाएंगी।

# आप की एंट्री भाजपा और कांग्रेस की टेंशन

**अनिल चतुर्वेदी**

हरियाणा चुनाव में आप पार्टी की एंट्री ने भाजपा और कांग्रेस की टेंशन बढ़ा रखी है। दोनों ही पार्टियाँ जीत को लेकर जितनी आश्वस्त थीं उससे कहीं ज़्यादा अब दबाब में दिख रही हैं। यह अलग बात है कि केजरीवाल की पिटारी में भाजपा को कोसने और दिल्ली को दी गई फ़्री के लॉलीपॉप के अलावा कुछ और नहीं है पर अपने अलग अंदाज में दिए जा रहे भाषणों से वे ऐसी ताक़त बनने के फेर में लगे हुए हैं जिसके बिना हरियाणा में सरकार बनाने में इन दोनों पार्टियों को केजरीवाल की ज़रूरत महसूस हो। कांग्रेस अगर सूबे में सत्ता परिवर्तन देख रही है तो भाजपा सत्ता में तीसरी बार लौटने के लिए बेताल है। भाजपा को भरोसा है कि आप कांग्रेस का दलित और पिछड़े वर्गों के वोटों में सेंध लगाने के साथ ही जाट वोटों को काटेगी जिससे भाजपा को फ़ायदा होगा। जबकि कांग्रेस को अपने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर भरोसा है। यही बजह रही कि हुड्डा को इस बार पार्टी हाईकमान ने पूरी छूट दी हुई है। यहाँ तक कि 90 सीटों वाली विधानसभा में 75 फ़ीसद टिकट हुड्डा की इच्छा से ही दिए गए हैं। जबकि केजरीवाल इन चुनावों में खुद को तीसरी बड़ी ताक़त बना लेना चाहते हैं। वे हरियाणा में मुफ़्त बिजली के साथ पिछले सभी बिल माफ़, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा के साथ ही हरेक महिला को एक हज़ार रूपये देने की मुनादी पीटकर हरियाणा में अपनी ज़मीन तैयार करने में लगे हैं। मज़े की बात है कि केजरीवाल यह भी बता रहे हैं कि दूसरी पार्टियों की तरह उनकी दी जाने वाली गारंटियाँ फ़र्ज़ी नहीं हैं।और रही बची कसर उनकी पत्नी यह कहकर पहले ही पूरी कर चुकी हैं कि




अरविंद का जन्म जन्माष्टमी पर हुआ था और भगवान उनसे कुछ अच्छा ही कराना चाहते हैं। अब भला हरियाणा में कौन बना पाता है सरकार और कौन रह जाता है बेकार यह तो रही इंतज़ार की बात, पर यह ज़रूर दिख रहा है कि गिरफ़्तारी के दौरान राजनीति में जो कुछ भी केजरीवाल ने खोया होगा उसे वे हरियाणा विधानसभा चुनावों में हासिल कर लेना चाहते हैं।

आतिशी का दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के साथ ही सत्ता के गलियारों में अगले साल दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों में आप पार्टी से सीएम के चेहरे को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। फ़रवरी में चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में आतिशी का कार्यकाल मात्र चार महीने का ही बचेगा। यानी दिल्ली के लिए बहुत कुछ करने की उनकी इच्छा भी दफ़्न हो लेगी। यह अलग बात है कि भरत की भूमिका में काम कर रहीं आतिशी को राजनीति के जिन दाँवपेंच या उम्मीदों में सीएम बनाया गया है उससे उनकी फिर से सीएम बनने की न तो बहुत इच्छा रह जानी है और न ही उम्मीदें पर सवाल तब यही बचेगा कि आप पार्टी की सरकार बनने में क्या वे सरकार में तीसरे नंबर की रहेंगी। ज़ाहिर है कि वे अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया से वरिष्ठ नहीं होगीं। राजनीतिक गलियारों में तभी यह चर्चा है कि पार्टी या तो चुनाव में विना चेहरे के उतरेगी या फिर भाजपा कांग्रेस को गरियाते हुए केजरीवाल का चेहरा ही चुनाव में होगा। हालाँकि पार्टी भाजपा के चुनावी तीरों के चलते ऐसा करने बचती दिख रही है लेकिन उसके सामने फिर आतिशी के अलावा दूसरा चेहरा नहीं हो पाएगा। भला मनीष सिसोदिया का पार्टी में कोई तोड़ न हो और सरकार में रहते शिक्षकों लेकर जो किया लोग जान चुके हैं पर ऐसा नहीं लगता कि पार्टी मनीष के चेहरे पर चुनाव लड़े। तय मानिए कि विधानसभा चुनावों में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होना है ऐसे में उत्साही भाजपा बहुत कुछ करने के लिए व्याकुल रहे और कांग्रेस और आप में चलने वाली खींचातानी में ही उसे अपना दिल्ली का भविष्य नज़र आ रहा हो। लेकिन फिलाहल दिल्ली के लोग भाजपा को दिल्ली से दूर रहते देख रहे हैं। और तभी लोग मान बैठे हैं कि आप एक बार फिर सत्ता में वापिसी करें लेगी। लेकिन सवाल फिर वही बचेगा कि दिल्ली की सत्ता में वापिसी के लिए आखरि कौनसा चेहरा होगा ?वक्त बदलता है तो सांडों को अपने सींग भारी लगने लगते हैं। या यूँ कहिए कि सांड या गाय जिन सींगों से अपनी सुरक्षा करते हैं वहीं उन्हें भारी महसूस होने लगते हैं। हरियाणा चुनावों में भी कुछ ऐसा ही देखा जा रहा है। पिछले साढ़े नौ साल तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर अब अपनी को ही असहज महसूस होते दिख रहे हैं। यानी भाजपा को अपने इन नेताजी से चुनावी नुक़सान होते दिख रहा है सो वह जाने-अनजाने अपने इन साहब से दूरी रख मतदाताओं और नेताओं को यह संदेश देते दिख रहे हैं कि खट्टर अब पार्टी के इतने प्रिय नहीं रहे हैं। यह अलग बात है कि सूबे में पार्टी का जनाधार कम होने के बाबजूद खट्टर को केन्द्र मंत्री बना दिया गया। एक तो वैसे ही खट्टर चुनावी दौर में पार्टी नेताओं को माफ़िक़ नहीं आ रहे थे ऊपर से एक चुनावी सभा में सवाल पूछने पर खट्टर ने आपा खो दिया और उसे धक्के देकर सभा से बाहर कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हरजाने से खट्टर हरियाणा में लोगों की निगाह में खटकने लगे। अब भला इतनी बड़ी बात वो भी चुनाव हो तो पार्टी कैसे झेल पाती अपने ही खट्टर साहब को सो पार्टी ने उनसे चुनाव तक दूरी बनाने का रास्ता निकाला। पिछले दिनों जब सूबे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रहमंत्री की चुनावी सभा हुई और पोस्टर छपे तो खट्टर मंच पर तो देखे ही नहीं गए साथ ही पोस्टरों में से भी ग़ायब कर दिए गए। भला मरता क्या नहीं करता सो वही पार्टी की भी मजबूरी बन गई। या फिर सीधे- सीधे यह कहिए कि जिस सूबे में मुख्यमंत्री खट्टर ने क़रीब एक दशक तक शासन किया वहीं की जनता से उन्हें दूर रखा जा रहा है। यूँ भी भाजपा हरियाणा में सत्ता में बरकरार रहने के लिए लगी है तो कांग्रेस सत्ता में फिर वापसी करने के लिए। जबकि सत्ता के इस खेल में अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी अलग दाँवपेंच में लगी है। अब वह भाजपा या कांग्रेस के सत्ता में आने का खेल बिगाड़ती है या बनाती है यह बाद की बात है पर सत्ता के लिए छटपटा वो भी रही है।





*नई दिल्ली के सिविक सेंटर में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सदन की बैठक के दौरान भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया।*

# दुर्गा समस्त शक्ति अर्थात राष्ट्र शक्ति का प्रतिरुप

**अशोक प्रवृद्ध**

हेमाद्री ग्रन्थ में इनके दस और आठ हाथों का उल्लेख है। माता की चतुर्भुजी प्रतिमा भी देखी जाती है, परंतु देवी की दसभुजा और अष्टभुजा स्वरुप ही जनमानस में सर्वप्रचलित है। देवी की दस भुजाएं दस दिशाओं की केन्द्रीय शक्ति होने तथा दस विभूतियों से मानव की रक्षा करने के भाव का प्रमुख रूप से द्योतक है। इसी प्रकार अष्टभुजा आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक है।नवरात्र में अष्टभुजाओं वाली भगवती दुर्गा की प्रतिमा स्थापन, पूजन, आराधना की परिपाटी है। भगवती दुर्गा की प्रतिमा में हाथों की संख्या विभिन्न पुराणों में अलग-अलग अंकित है। वराह पुराण 95/41 में अंकित है कि माता वाराही अपनी बीस हाथों में अस्त्र-शस्त्र एवं धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतीकों- शंख,चक्र, गदा, पद्म, शक्ति, महोल्का, हल,मूसल, खड्ग, परिधि, भृशुण्डि, मस्तक, खेमट, तोमर, परशु, पाश, कुन्त,त्रिशूल, सारंग, धनुषादि को धारण करती है। देवी भागवतपुराण में इनके अठारह हाथों का उल्लेख है। हेमाद्री ग्रन्थ में इनके दस और आठ हाथों का उल्लेख है। माता की चतुर्भुजी प्रतिमा भी देखी जाती है, परंतु देवी की दसभुजा और अष्टभुजा स्वरुप ही जनमानस में सर्वप्रचलित है। देवी की दस भुजाएं दस दिशाओं की केन्द्रीय शक्ति होने तथा दस विभूतियों से मानव की रक्षा करने के भाव का प्रमुख रूप से द्योतक है। इसी प्रकार अष्टभुजा आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक है।इसी कारण देवी की दस विद्या, नवदुर्गा अथवा अष्ट मातृका रूप में नाम-स्मरण, पूजा-अर्चना की परिपाटी है। शताक्षी एवं शाकंभरी भी इनका नाम है। आठ दिशाओं में लोक के योग क्षेम के भाव का द्योतक अष्टभुजा वाली दुर्गा की वास्तविकता का वर्णन व विश्लेषण वैदिक मत में भी किया गया है। वैदिक विद्वानों के अनुसार पहली भुजा (भुज) पूर्व की है, जहां से उदित होने वाले अदिति सूर्य का प्रात: काल में पूर्वाभिमुख होकर के याग करना चाहिए। अपने जीवन को प्रकाशमान करना चाहिए। क्योंकि प्रकाश ही तो मानव का जीवन है। अपने अंतर्तम के अंधकार को समाप्त करना चाहिए। अंधकार अज्ञान का प्रतीक है। प्रकाश ज्ञान का प्रतीक है। यह देवी की एक भुजा है। दूसरी भुजा दक्षिण दिशा है।अध्यात्म में दक्षिण दिशा में विज्ञान की तरंगे ओत- प्रोत रहती है। दक्षिण में ही शब्दों का भंडार होता है। दक्षिण में ही सोम है। दक्षिण दिशा ही अग्नि और विद्युत का भंडार है। इसलिए यह ईश्वर प्रदत्त दूसरी दिशा, दूसरी भुजा और दूसरी शक्ति है। तीसरी दिशा पश्चिम है, जो ईश्वरीय दिव्य शक्ति माता का तृतीय भुज कहलाता है। यह भुज अन्न के भंडार के रूप में जानी जाती है। जब पश्चिम दिशा से वायु वेग से गति करती है, विद्युत को साथ लेकर आती है तो माता पृथ्वी के गर्भ में नाना प्रकार की आभा को वर्षा से परिणत कर देती है। नाना प्रकार का खाद्य और खनिज पदार्थ इसी से उत्पन्न होने लगता है। इसलिए यह माता की तीसरी भुजा है। चौथी भुजा उत्तरायण है। योगी, साधकजन सभी उत्तर की दिशा को अभिमुख होकर योगाभ्यास करते हैं। प्राण की गति को प्राप्त करते हैं। सभी शुभ कार्य उत्तर दिशा की ओर मुख करके होते हैं। सभी ज्ञान का भंडार उत्तरायण में रहता है। इसलिए यह ईश्वर रूपी माता की दी हुई चौथी भुजा है। पांचवी भुजा ध्रुवा कही जाती है, जो प्रकृति के साथ जुडने वाली नीचे की ओर की भुजा अथवा दिशा है। प्रकृति एवं पृथ्वी से अनेक साधन और समर्थ प्राप्त होते हैं। साधक अथवा वैज्ञानिक इसमें भी गति करता है। छठा भुजा उर्ध्वा में रहता है अर्थात ऊपर की दिशा जो अंतरिक्ष लोक से द्युलोक तक की गति कराता है। नाना प्रकार की सुखों की, आनंद की, तथा देवत्व की वृष्टि करता है। इसकी प्राप्ति के लिए प्राणी को दैव (देवी) याग करना चाहिए। और ब्रह्मवेत्ता अर्थात ब्रह्म का चिंतन करने वाला साधक बनना चाहिए। योगी की भांति उड़ान करते हुए अनेक लोकों में, मंडलों में भ्रमण करना चाहिए। विज्ञान के युग में गति करनी चाहिए। वैज्ञानिक यंत्रों पर विद्यमान होकर के लोक- लोकातंरों की यात्रा योगाभ्यासी करने लगता है।उल्लेखनीय है कि याग के समय कलश की स्थापना की दिशा ईशान कोण होती है। योगाभ्यास करने वाला प्राणी मूलाधार में मूल बंध को स्थित करके नाभि केंद्र में ज्योति का प्रकाश दृष्टिपात करता है। उसके बाद जालंधर बंध को लगा करके हृदय चक्र में ज्योति को देखता है। तत्पश्चात कंठ में और स्वाधिष्ठान चक्र में, जहां त्रिवेणी का स्थान अर्थात ईड़ा, पिंगला, सुषुम्ना का मिलन होता है, वहां त्रिभुज कहलाता है, इस त्रिभुज वाले स्थान पर तीनों गुण- रजोगुण, तमोगुण, सतोगुण को दृष्टिपात करके आत्मा ब्रह्म रंध्र में प्रवेश करता है। और ब्रह्म रंध्र में जब योगेश्वर जाता है, तो वह सर्व ब्रह्मांड को दृष्टिपात करता है। ईशान कोण में विद्यमान ज्योति को योगी ध्यानावस्थित करता है।कुंभकार के द्वारा मृदा से निर्मित कलश में जल ओत-प्रोत होता है। इसमें अमृत होता है। वह अमृत प्राण की वर्षा कर रहा है। ज्ञान की वृष्टि कर रहा है। अर्थात वह सरस्वती का देने वाला है। ज्ञान का पान करने से सरस्वती आती है। अमृत के ही पान करने वाले सरस्वती को अपने में धारण करते हैं। यह ईशान माता काली अर्थात पृथ्वी की सातवीं भुजा है। आठवां भुजा दक्षिणायन कृति कहलाता है इसमें विद्युत समाहित होकर और पश्चिम दिशा से अन्न का भंडार लेकर के मानव का भरण पोषण करती है। इसलिए वह भी एक देवी का रूप है, शक्ति का रूप है।




मेष राशि-आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। आपकी इमानदारी से लोग प्रेरणा लेंगें। महिलाएं घर के काम से जल्द ही राहत पा लेंगी। आज आप दोस्तो के साथ समय बितायेंगे। कई दिनों से कहीं रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। बच्चो को घर के बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद मिलेगा। म

वृष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगें। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थीयों का कोई प्रोजेक्ट पूरा होगा। किस्मत का साथ आपको आर्थिक लाभ दिलायेगा। पुरानी की गई मेहनत से दुगना लाभ मिलेगा। परिवार वालो के साथ किसी धार्मिक कार्यो में शामिल हो सकते हैं, जिससे आपको अच्छा फील होगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। आप नया करोबार करने की सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें, आपको कोई अच्छी राय मिलेगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। छात्र आज अपने करियर को लेकर कोई योजना बनायेंगें, बच्चों को सही गाइडेंस की जरूरत है। मां दुर्गा की आरती करें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

सिंह राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षको की साहयता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आयेंगी। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

कन्या राशि-आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिए कोई नया खेल तलाश करेंगें। मां दुर्गा को नारियल अर्पित करें, सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

तुला राशि-आज का दिन मिली-जुली प्रतीक्रिया वाला रहेगा। आज किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा फिल होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना बड़े पैमाने पर होगी। आपको ईमानदार लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि-आज अकारण शुरू हुई समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कोरोबार को लेकर कोई योजना चल रही है, तो आज आप उस योजना पर काम शुरू करेंगे जिससे आपको कोई बड़ा लाभ मिलेगा। आज आपकी मीठी वाणी आपके काम को जल्दी पूरा करवाने में मदद करेगी। स्टूडेंट्स का आज पढ़ाई में मन लगेगा।

मकर राशि-आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए। आज आपको अपने माता पिता के साथ समय बिताना चाहिये। संयम और धैर्य के साथ ही आपको अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज खत्म हो जायेंगी।

कुंभ राशि-आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की साहयता मागेंगे, जिसे आप असानी से पूरा करेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर लम्बी बात होगी।

मीन राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपनी पढ़ाई को लेकर पूरी तरह से अलर्ट रहेंगे आज की गई मेहनत का लाभ मिलेगा।

# इजरायल-ईरान महासंग्राम के साए में वैश्विक इकोनामी ट्रेड, तेल,नौकरी, मार्केट पर संकट गहराया

## इजरायल-ईरान जंगी टकराहट- पश्चिम एशिया में जबरदस्त तनाव-जी-7 की आपात बैठक हुई

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर ईरान व इजरायल के बीच बढ़ते तनाव का असर पूरी दुनियाँ में दिख रहा है। 1 अक्टूबर 2024 को ईरान द्वारा इजराइल पर दागी गई सैकड़ो बैलिस्टिक मिसाइलों का जवाब देने की रणनीति इसराइल ज़रूर तैयार कर चुका होगा, बस! क्रियान्वयन की ज़रूरत है, परंतु मुझे इस युद्ध में एक फिक्स कूटनीति या रणनीति समझ में आ रही है, जिसमें मुझे लगता है इजराइल सीधे तौर पर ईरान के तेल संयंत्रों या एयर डिफेंस सिस्टम पर सीधे तौर पर हमला करेगा? इसमें मुझे संदेह नज़र आ रहा है, क्योंकि शुरू से ही पूरे मामले पर मेरी पैनी नजर लगी हुई है। 1अक्टूबर 2024 को ईरान के हमले के कुछ घंटे पहले ही अमेरिका का ईरान के हमले संबंधी इज़राईल आगाह करना, फिर 3 अक्टूबर 2024 को इजरायल द्वारा संभावित जवाबी कार्रवाई की उम्मीद नहीं जताना, तेल संयंत्रों के हमले के जवाब से कन्नी काटना सहित कुछ बातें हैं जो अमेरिका के सटीक अंदाज से हो रही है, जिससे मुझे ऐसा लग रहा है कि शायद इजरायल ईरान पर सीधा हमला न कर पहले उसकी सहयोगी ताकतों लेबनान हमास जकार्ता इत्यादि को तोड़ने या नुकसान पहुँचाने की कोशिश क़र सकता है है। 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार हो सकती है, क्योंकि ट्रंप और हैरिस दोनों ही इजरायल के पक्ष में है, फिर उनके पीछे पूरा नाटो, ईयू भी खड़ा है। हालांकि इजरायल ईरान की अपेक्षा क्षेत्रफल मेंबहुत ही छोटा है परंतु आधुनिकता के लिहाज से बहुत बड़ा है। ईरान के पास अगर अंदरूनी परमाणु वेपेंस है, तो इजरायल के पास नाटो व ईयू साथ हैं। परंतु इस सब के बीच इस पूरे कयास में नुकसान पूरे विश्व की जनता को ही भुगतना होगा, क्योंकि ईरान पारस ओमान, कैस्पियन की खाड़ी के रास्तों से वैश्विक व्यापार होता है जिसका असर भारत सहित पूरे विश्व पर पड़ेगा। तैलिय पदार्थों में भारी बढ़ोतरी होगी। आज 3 अक्टूबर 2024 को हमने देखे कि वैश्विक स्तरपर शेयर मार्केट में भारी मात्रा में गिरावट हुई है तैलिय पदार्थ में भारी मात्रा में वृद्धि हुई। भारत में भी बीएसई सेंसेक्स 1600 से अधिक अंकों व निफ्टी 500 से भी अधिक अंकों के साथ गिरा था। चूँकि इजरायल ईरान जंगी टकराहट से पश्चिम एशिया में जबरदस्त तनाव दिख रहा है जी7 की आपात बैठक भी 2 अक्टूबर 2024 को हो चुकी है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से



चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान महासंग्राम के साए में वैश्विक इकोनामी ट्रेड तेल नौकरी मार्केट पर संकट गहराया है, जिससे भारत सहित युद्ध में तटस्थता बनाए रखने की नीति वाले देशों को नाटो,ईयू सदस्य देशों की नाराज़गी झेलनी पड़ सकती है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को देर रात्रि, ईरान के खिलाफ इजरायल द्वारा जवाबी हमले पर अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान की करें तो ईरान के खिलाफ इजरायली हमलों पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो का बड़ा बयान सामने आया है।उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन ईरान के तेल संयंत्रों पर संभावित इजरायली हमलों पर चर्चा कर रहा है। साथ ही बोले कि ईरान पर गुरुवार को इजरायल का कोई हमले की उम्मीद नहीं है।इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या वह इजरायल द्वारा ईरानी तेल संयंत्रों पर हमले के पक्ष में हैं?इसपर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। इस टिप्पणी के बाद गुरुवार को तेल की कीमतों में पांच फीसदी का उछाल आया। उन्होंने आगे संकेत दिया कि गुरुवार को ईरान के मंगलवार के मिसाइल हमले पर किसी भी संभावित इजरायली जवाबी कार्रवाई की उम्मीद नहीं है। ईरान के मिसाइल हमले का इजरायल तगड़ा जवाब देने की तैयारी में जुटा है। इजरायल का कहना है कि इस बार ईरान को संभालने तक का मौका नहीं दिया जाएगा। इजरायल अपनी जवाबी कार्रवाई में ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला करने की तैयारी में है। हमास नेता इस्माइल हानिया की तरह ईरान के बड़े नेता की हत्या भी हो सकती है? साथियों बात अगर हम इजरायल ईरान के संभावित युद्ध में भारत सहित पूरी दुनियाँ में दिख रहे तनाव की करें तो, ईरान और इजरायल के बीच बढ़ रहे तनाव का असर पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमत में पिछले दो दिन में काफी उछाल आई है जबकि शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली है। बीएसई सेंसेक्स आज कारोबार के दौरान 1,600 अंक से अधिक गिर गया जबकि निफ्टी में भी 500 अंक से ज्यादा गिरावट रही। जानकारों का कहना है कि अगर ईरान और इजरायल के बीच युद्ध होता है तो इसका भारत समेत पूरी दुनियाँ पर व्यापक असर हो सकता है। खासकर भारत के लिए इसके व्यापक मायने हो सकते हैं। मसलन खाड़ी देशों के साथ व्यापार प्रभावित हो सकता है, पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ सकती है, वहां काम कर रहे भारतीयों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं और देश की ग्रोथ पर असर हो सकता है। के लिए सबसे बड़ा मसला एनर्जी सिक्योरिटी का है। देश अपना 85 फीसदी तेल आयात करता है। ईरान रोजाना करीब 30 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। दुनिया की 20 प्रतिशत और भारत की 60 प्रतिशत ऑयल सप्लाई होरमूज की खाड़ी से होती है। वहां संघर्ष बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमत 80 बैरल प्रति डॉलर तक पहुंच सकती है। इससे भारत के व्यापार घाटा, चालू खाते का घाटा और राजकोषीय घाटा प्रभावित हो सकता है। निगेटिव सेंटीमेंट से भारतीय शेयर बाजारों पर असर दिखने लगा है। ईरान-इजरायल युद्ध से ग्लोबल जीडीपी और ट्रेड ग्रोथ पर असर हो सकता है जो भारत के लिए अच्छी स्थिति नहीं होगी।जानकारों का कहना है कि अगर ईरान के बंदरगाहों पर हमला होता है तो इसका विश्व व्यापार पर व्यापक असर होगा। ईरान फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और कैस्पियन सागर के स्थित है। इस संघर्ष से भारत का एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट प्रभावित हो सकता है। भारत सऊदी अरब और इराक से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करता है। लाल सागर में जहाजों पर हूतियों के हमले के कारण पहले ही फ्रेट कॉस्ट में काफी तेजी आई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत के तेल आयात में पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी 23 फीसदी है। ईरान अपने कच्चे तेल का 90 फीसदी हिस्सा चीन को देता है। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण कई देश ईरान से तेल नहीं खरीदते हैं। ईरान और इजरायल का संघर्ष लंबे समय तक रहता है तो इसका असर भारत सहित वैश्विक स्तरपर रोजगार के मोर्चे पर भी देखने को मिल सकता है। बड़ी संख्या में भारत के लोग पश्चिम एशियाई देशों में नौकरी के लिए जाते हैं। इतना ही नहीं उन देशों में काम कर रहे भारतीय स्वदेश लौट सकते हैं जिससे दूसरी तरह की समस्या हो सकती है। भारतीय कामगार इन देशों में अलग परिस्थितियों में रहते हैं और सालाना सात लाख रुपये तक बचाते हैं। लेकिन भारत में यह संभव नहीं है।ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव का असर कच्चे तेल पर पड़ेगा।

## विविध-समाचार

### एनआईए का बड़ा एक्शन, जम्मू कश्मीर-महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में की छापेमारी, आतंकी फंडिंग को लेकर हुई कार्रवाई

नई दिल्ली , (आरएनएस)। आतंकी फंडिंग को लेकर एनआईए ने बड़ा एक्शन लिया है। जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र समेत पांच राज्यों में एनआईए ने रेड की है। एनआईए ने आतंकी फंडिंग के खिलाफ एक्शन लेते हुए कुल 22 ठिकानों पर छापेमारी की। एनआईए ने छापेमारी के बाद 4 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया। महाराष्ट्र के जालना जिले से 2 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि 1 व्यक्ति को छत्रपति संभाजी नगर से और 1 को व्यक्ति को मालेगाव से हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक चारों के लिंक आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में भी एनआईए ने रेड की है। राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और असम में भी एनआईए की छापेमारी चल रही है। जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन की टेरर फंडिंग को लेकर इस रेड को अंजाम दिया जा रहा है। बता दें महाराष्ट्र में नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में जहां एक तरफ चुनाव इतने नजदीक है। वहीं, दूसरी तरफ देश विरोधी गतिविधियों के लिए फंडिंग का मामला सामने आ रहा है। इसी के चलते एनआईए एक्शन मोड में दिखाई दे रही है।

### अगली मुलाकात आपसे मुख्यमंत्री आवास पर होगी... वोटिंग के बीच अनिल विज का बयान

अंबाला (आरएनएस)। अंबाला कैंट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया। अनिल विज ने कहा सरकार भाजपा की बनेगी और मुख्यमंत्री वो बनेगा जिसे पार्टी चाहेगी। अगर पार्टी मुझे चाहेगी तो अगली मुलाकात आपसे मुख्यमंत्री आवास पर होगी...मैं सबसे वरिष्ठ नेता हूं।

यह बयान तब आया जब हरियाणा में चुनावी वोटिंग चल रही थी, और उनके इस आत्मविश्वास से भरे बयान को भाजपा के संभावित सत्ता में वापसी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।आपको बता दे की हरियाणा के पूर्व ग्रह मंत्री अनिल विज पहले भी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश कर चुके है।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार सुबह से ही मतदान शुरू हो गया है, जहां प्रदेश की सभी 90 सीटों पर मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, सभी 90 सीटों पर सुबह 9 बजे तक 9.53 प्रतिशत मतदान हुआ।मतदाताओं में वोटिंग करने के लिए उत्साह देखा जा रहा है ।

### मुख्यमंत्री वही होगा जिसे कांग्रेस विधायक चाहेंगे और हाईकमान तय करेगी : भूपेंद्र सिंह हुड्डा


रोहतक , (आरएनएस)। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार सुबह से ही मतदान शुरू हो गया है, जहां प्रदेश की सभी 90 सीटों पर मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे।मतदान के बीच हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, कांग्रेस भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है... मुख्यमंत्री वही होगा जिसे कांग्रेस विधायक चाहेंगे और हाईकमान तय करेगी। हम बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, विकास आदि मुद्दों पर काम करेंगे।भूपेंद्र सिंह हुड्डा, जो खुद दो बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है। उन्होंने कहा, विधायकों की राय महत्वपूर्ण होगी, लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान का ही रहेगा। कांग्रेस पार्टी की यही परंपरा रही है और हम सब इसका सम्मान करते हैं।हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव पर कहा, हरियाणा के लोग बदलाव चाहते हैं। इस चुनाव में भाजपा में चर्चा का मुख्य मुद्दा यह रहा है कि कांग्रेस से मुख्यमंत्री कौन बनेगा। इसका मतलब उन्होंने भी स्वीकार कर लिया है कि कांग्रेस सत्ता में आ रही है।

### छत्तीसगढ़ में बदला अंग्रेजों के जमाने का कानून, सरकारी गवाह को 100 के बजाय 300 रुपये मिलेंगे

बिलासपुर,(आरएनएस)। आपराधिक प्रकरणों में गवाही का सबसे ज्यादा महत्व है। गवाही इतनी महत्वपूर्ण होती है कि अदालतों को अपना फैसला सुनाने में मदद मिलती है। आपराधिक प्रकरणों में गवाही देने कोर्ट आने वाले लोगों को कितना भत्ता मिलता होगा। यह जानने की उत्सुकता सभी को है। अंग्रेजों ने जो नियम बनाए थे उसके अनुसार 100 रुपये। ब्रिटिश गवर्नमेंट ने इस भत्ते का नाम रखा था खुराक भत्ता। अंग्रेजों के बनाए नियम और मापदंडों को बदलने के लिए पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र तिवारी को लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। अब जाकर राज्य शासन ने इसमें बदलाव कर दिया है। गवाही देने वाले व्यक्ति को अब 300 रुपये का भुगतान किया जाएगा। राज्य शासन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नियमों में बदलाव से पहले आपराधिक प्रकरणों में अदालत में उपस्थित होने पर अभियोजन गवाह को 100 रुपए की दर से खुराक भत्ता दिया जाता था। यह भत्ता न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम,1948 में हर छह महीने में राज्य शासन द्वारा पुन: निर्धारित की जाने वाली अकुशल कृषि मजदूर को दी जाने वाली दैनिक मजदूरी से भी कम है। खुराक भत्ते की दर को पुनरीक्षित करने की मांग करते हुए बिलासपुर निवासी रिटायर्ड ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र तिवारी ने विधि विधायीविभाग, छग शासन को 1 फरवरी,2024 को पत्र लिखा था। विधि विधायी विभाग को पत्र लिखने के साथ ही एक कापी विधि विधायी मंत्री अरुण साव को सौंप दी थी।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने में सहयोग करेगा भारत: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली(आरएनएस)। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इलाके में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनी हुई भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत का जोर क्षेत्र में विवादों के शांतिपूर्वक निपटारे के अलावा सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की ओर है। भारत यहां एक नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और यूएन के तहत बनाए गए वैश्विक नियम-कानूनों के सम्मान के अपने पुराने रुख पर कायम है। यह जानकारी राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित किए गए इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग-2024 (आईपीआरडी) को संबोधित करते हुए दी। यह तीन दिवसीय सम्मेलन है जिसकी शुरुआत बीते तीन



अक्टूबर को हो गई थी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए भारत का विजन सतत-आर्थिक विकास और आपसी सुरक्षा को लेकर भागीदारी बढ़ाने की ओर है। हमें क्षेत्र में एक भरोसेमंद, पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और हिंद-प्रशांत में सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले देश के रूप में देखा जा रहा है। हम आसियान की केंद्रीयता के साथ क्षेत्रीय संवाद, स्थायित्व और सामूहिक विकास के पक्षधर हैं। भारत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। उसकी क्षेत्रीय भागीदार देशों के साथ तमाम गतिविधियां जारी हैं। इनमें द्विपक्षीय अभ्यास, सूचना साझा करने वाले कदम और सामूहिक समुद्री सुरक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान करना शामिल है। इलाके में हिंद-प्रशांत के देशों के साथ सहयोग बढ़ाने में भारतीय नौसेना की काफी अहम भूमिका है। वह लगातार तमाम भागीदारों के साथ क्षमता विकास में लगी हुई है। भारत का हित विवाद में नहीं बल्कि समुद्री सहयोग को लगातार बढ़ावा देने की ओर है। किसी देश का हित अन्य किसी के साथ विवाद में आने का नहीं होना चाहिए। हम साथ मिलकर कार्य कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिदृश्य को शक्तियों के बदलते आयाम, संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा और उभरते सुरक्षा खतरे आकार दे रहे हैं। हिंद-प्रशांत का उभार वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन को प्रदर्शित करता है। यह दुनिया का सबसे जटिल भू राजनीतिक जोन है। जो आर्थिक और सामरिक हितों का केंद्र बिंदु है। यहां पूर्व में मौजूद कई अंतरराष्ट्रीय विवाद, प्रतिस्पर्धा और विवाद भी हैं। इनमें से कुछ स्थानीय प्रकृति के हैं जबकि कई के वैश्विक परिणाम, प्रभाव भी हैं।

### यहां होगा दुनिया के सबसे ऊंचे 211 फीट के रावण के पुतले का दहन, बनाने में लगे 4 महीने; लागत जानकर उड़ जाएंगे होश

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में द्वारका के सेक्टर 10 स्थित रामलीला मैदान में दशहरे पर दुनिया के सबसे बड़े रावण के पुतले का




दहन किया जाएगा। इसकी ऊंचाई 211 फीट बताई जा रही है। इसे बनाने में लगभग चार महीने लगा। इसे 30 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है।द्वारका रामलीला कमेटी के आयोजक राजेश गहलोत ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में बताया, द्वारका रामलीला सोसाइटी, सेक्टर 10 में इस वर्ष दुनिया का सबसे ऊंचा और भव्य रावण का पुतला जलाया जाएगा। इसकी ऊंचाई 211 फीट है, जिसे कुछ विशेष कारीगरों ने मिलकर बनाया है। ये कारीगर अंबाला और एनसीआर से हैं। पुतले का ढांचा पहले लोहे से तैयार किया गया, फिर इसके ऊपर बांस और मखमली कपड़े का प्रयोग किया गया है। रावण का चेहरा बेहद सुंदर और मजबूती से बनाया गया है, जिसे चार बड़े क्रेन की सहायता से खड़ा किया गया है। इस पुतले को बनाने में लगभग 4 महीने का समय और 30 लाख रुपये का खर्च आया है।उन्होंने बताया, जब हमने इस समारोह की शुरुआत की थी, तब पुतले की ऊंचाई लगभग 50 फुट थी। समय के साथ यह ऊंचाई बढ़ती गई, और अब 211 फुट के साथ यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण का पुतला बनने जा रहा है। हम अपने सभी मेहमानों, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के राष्ट्रपति को निमंत्रण भेज चुके हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिम में बंजारा विरासत संग्रहालय के उद्घाटन के दौरान नांगरा बजाते हुए.

### अमेठी हत्याकांड के आरोपी को नोएडा एसटीएफ ने जेवर टोल से दबोचा

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। अमेठी में हुए एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में पुलिस की कई टीमें अपराधियों को पकड़ने में जुटी हुई थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने एक बदमाश को जेवर टोल के पास से धर दबोचा है।

एसटीएफ यूनिट से मिली जानकारी के मुताबिक अमेठी में हुए लोंहर्षक घटना, जिसमे एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या हो गई थी, इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले अभियुक्त चंदन वर्मा पुत्र माया राम वर्मा निवासी खतराना मैदानपुर रायबरेली को यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट के द्वारा 4 अक्टूबर को जेवर टोल प्लाजा गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त चंदन को हत्या के दर्ज केस में थाना शिवरतनगंज, अमेठी में दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस के द्वारा की जा रही है।

## बुलंदशहर में पुलिस टीम पर पथराव, आईजी नचिकेता झा ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



बुलंदशहर, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पुलिस टीम पर पथराव करने की घटना ने इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेरठ जोन के आईजी नचिकेता झा ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का निरीक्षण किया।आईजी नचिकेता झा ने घटना स्थल से मस्जिद तक गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ एसएसपी श्लोक कुमार समेत पुलिस के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल को ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। आईजी नचिकेता झा ने यह स्पष्ट कर दिया कि इस तरह की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पथराव की यह घटना सिकंदराबाद क्षेत्र में हुई, जहां समुदाय विशेष के कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस की टीम पर पथराव किया। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और संदिग्धों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई। पुलिस-प्रशासन स्थानीय लोगों से भी शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं, ताकि स्थिति पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सके।बता दें कि नमाजियों ने शुक्रवार को यति नरसिंहानंद के बयान के विरोध में पथराव किया था। जुमे की नमाज के बाद उनके खिलाफ नारेबाजी की और रात में भीड़ सड़कों पर भी निकल आई। इस दौरान पत्थरबाजी की घटना देखने को मिली।

### बाल संप्रेक्षण गृह से भागे चार नाबालिग कैदी

महासमुंद, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से 4 नाबालिग बालकों के फरार होने की खबर है। आरोपियों ने सो रहे नगर सैनिक और अटेंडेंट पर पत्थर से हमला किया और मेन गेट की चाबी छीनकर भाग निकले। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 5 किमी दूरी पर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से गुरुवार रात एक से दो बजे के बीच 4 अपचारी बालक भाग निकले। इस दौरान उन्होंने सो रहे नगर सैनिक संजय मिश्रा और अटेंडेंट गोपाल चंद्रा पर पत्थर से हमला कर उन्हें घायल कर उनसे मेन गेट की चाबी छीनी और गेट का ताला खोलकर भाग गए। सुबह इसकी सूचना पहले अधीक्षक को दी गई। इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां उनको बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

### किसानों के खाते में आए 20 हजार करोड़ रुपए, मोदी ने जारी की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त

मुंबई (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने करीब 9.4 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं



किस्त भी जारी की। इससे पहले पीएम मोदी वाशिम पहुंचे। यहां उन्होंने जगदंबा माता मंदिर, पोहरादेवी में दर्शन पूजा-अर्चना की। अब तक पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों को केंद्र सरकार की ओर से कुल 3.45 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

पिछली 17वीं किस्त 18 जून को पीएम मोदी ने अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी से रिलीज की थी। दरअसल इस योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक मदद कर उन्हें खेतीबाड़ी के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी आय में सुधार हो सके। पिछली बार 18 जून 2024 को 9.25 करोड़ किसानों को ये राशि मिली थी, यानी इस बार लगभग 25 लाख नए किसान भी लाभार्थियों में शामिल हुए हैं।

## साइबर धोखाधड़ी से निपटेगा दूरसंचार विभाग, फर्जी कॉल रोकने के लिए केंद्रीय प्रणाली जल्द की जाएगी शुरू

नई दिल्ली (आरएनएस)। हाल के दिनों में नागरिकों को धोखाधड़ी वाले कई कॉल प्राप्त हो रहे हैं, जो अक्सर भारतीय मोबाइल नंबरों के रूप में दिखाई देते हैं। वास्तव में ये कॉल विदेश से संचालित साइबर अपराधियों द्वारा हेराफेरी से किए जाते हैं।

ये अपराधी कॉल की वास्तविक उत्पत्ति को छिपाने के लिए कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) का फायदा उठाते हैं, जिसके कारण मोबाइल नंबर डिस्कनेक्ट होने, फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी की धमकियों समेत तमाम घटनाएं घटित होती हैं। बढ़ते खतरे के मद्देनजर दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर एक उन्नत प्रणाली शुरू की है, जो भारतीय दूरसंचार ग्राहकों तक पहुंचने से पहले आने वाली अंतरराष्ट्रीय नकली कॉल की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए डिजाइन की गई है।

इस प्रणाली को दो चरणों में लागू किया जा रहा



है। पहला, अपने स्वयं के ग्राहकों के फोन नंबरों से नकली कॉल को रोकने के लिए टीएसपी स्तर पर और दूसरा अन्य टीएसपी से ग्राहकों के नंबरों से नकली कॉल को रोकने के लिए केंद्रीय स्तर पर।अब तक, सभी चार टीएसपी ने इस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। कुल 4.5 मिलियन स्पूफ कॉल में से लगभग एक तिहाई को भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में आने से रोका जा रहा है। अगले चरण में एक केंद्रीकृत प्रणाली को शामिल किया जाएगा, जो सभी टीएसपी में शेष स्पूफ कॉल को समाप्त कर देगी। इसके जल्द ही चालू होने की उम्मीद है।हालांकि, जनता को धोखा देने के लिए धोखेबाज नए-नए तरीके अपनाते और बनाते रहते हैं। दूरसंचार विभाग इन नए तरीकों की रिपोर्ट होने पर दूरसंचार उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए समय रहते कदम उठा रहा है।तेजी से विकसित हो रही तकनीक के इस दौर में दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित और संरक्षित बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। हालांकि, इन मजबूत सुरक्षा उपायों के बावजूद अभी भी ऐसे मामले हो सकते हैं, जहां धोखेबाज दूसरे तरीकों से सफल हो जाते हैं।

बस मार्शलों को लेकर हाई-वोल्टेज ड्रामा

### बीजेपी नेता की गाड़ी में बैठी सीएम आतिशी, सौरभ भारद्वाज ने पकड़ लिए पैर

नई दिल्ली(आरएनएस)। बस मार्शलों की बहाली के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा विधायक एलजी ऑफिस पहुंचे। इस दौरान उनके साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भी थीं। एलजी ऑफिस जाने के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में सीएम



आतिशी, भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता की गाड़ी में जाकर बैठ गईं। इस दौरान विजेंद्र गुप्ता दूसरी गाड़ी के लिए आगे बढ़ गए। दरअसल, बस मार्शलों के मुद्दे पर आज दिल्ली सचिवालय में सीएम आतिशी ने बैठक बुलाई, जिसमें बीजेपी के विधायक, दिल्ली सरकार के मंत्री और कुछ बस मार्शल भी शामिल हुए। इस दौरान सीएम आतिशी ने प्रस्ताव रखा कि अभी सभी मिलकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास चलते हैं। वहीं, सीएम आतिशी ने कहा कि मार्शल चाहते हैं कि हम सभी मिलकर अभी उपराज्यपाल के पास चलेंगे। उन्होंने कहा कि कैबिनेट यहीं मौजूद है यहीं पर साइन होंगे, लेकिन बीजेपी विधायकों ने उपराज्यपाल निवास जाने से इनकार कर दिया। आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ ही दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विजेंद्र गुप्ता को घेर रखा था। इस दौरान सभी उनसे गाड़ी में बैठने के लिए विनती कर रहे थे। विनती करने के दौरान विजेंद्र गुप्ता हंसते हुए आगे बढ़े तो सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गुप्ता जी भाग रहे हैं। इतना सुनने के बाद विजेंद्र गुप्ता फिर से कार के पास पहुंचे तो आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उनसे गाड़ी में बैठने और साथ चलने के लिए विनती करते हुए उनके सामने हाथ जोड़ लिए। इतने में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हाथ ना जोड़ो पैर पकड़ो। इतना कहते हुए सौरभ भारद्वाज ने खुद भी विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ लिए।



*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में सशस्त्र सेना महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए.*

### भाजपा मेरे स्वागत को उतावली है,लेकिन हम हरियाणा में सभी सीटे जीत रहे हैं : सैलजा

हिसार(ए)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सैलजा ने एक तरफ कांग्रेस की जीत का दावा किया है और दूसरी तरफ उन्होंने यह कहकर सियासत गरमा दी है कि भाजपा उनके स्वागत के लिए उतावली है। अब लोग उसके मायने निकाल रहे हैं। चर्चा ये होने लगी है कि ये दवाब बनाने की राजनीति है कि, कांग्रेस ने सीएम नहीं बनाया तो उनके लिए दूसरे विकल्प भी खुले हैं। हालांकि ये सिर्फ चर्चाएं है जिन पर लगाम नहीं लगाई जा सकती है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने शनिवार को हिसार के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। मतदान करने के बाद पोलिंग बूथ के बाहर मीडिया कर्मियों से बातचीत में उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस जीती तो हरियाणा में मुख्यमंत्री कौन होगा, कुमारी सैलजा ने कहा कि इसका फैसला आलाकमान करेगा। हरियाणा के पूर्व सीएम और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की ओर से बीजेपी में शामिल होने का ऑफर मिलने पर कुमारी सैलजा ने कहा, बीजेपी मेरा स्वागत इसलिए करना चाहती है, क्योंकि वह हरियाणा में बहुत कमजोर है।

वह मजबूत नेताओं को अपने साथ लाने के लिए कुछ भी करेगी।

## पर्पल साड़ी पहन गजब की खूबसूरत लगीं श्वेता तिवारी, बलखाती हुई अदाओं से फैंस के दिलों पर चला रहीं खंजर



टीवी और भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं।अपनी एक्टिंग, फिटनेस और खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अक्सर सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों पर वायरल होने लगती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।बता दें इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही लोगों के बीच ट्रेंड करने लगता है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने पर्पल कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो किलर पोज देते हुए फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की उम्र 43 साल हो चुकी हैं, लेकिन हॉटनेस के मामले में आज भी वो बॉलीवुड की स्टार अभिनेत्रियों को मात देती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस दो बच्चों की मां हैं। उनकी बड़ी बेटी पलक 23 साल की है।श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए रिएक्शंस देते हैं।

## जिगरा को सेंसर बोर्ड से यूए सार्टिफिकेट के साथ मिली हरी झंडी, 2 घंटे 35 मिनट लंबी होगी आलिया की फिल्म की कहानी



आलिया भट्ट और वेदांग रैना अपनी एक्शन से भरपूर फिल्म जिगरा में दर्शकों को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन गई है। अगले महीने बड़े पर्दे पर रिलीज होने से पहले इस फिल्म ने सेंसर बोर्ड की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। फिल्म अब केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से पास हो गई है।

जिगरा को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट के साथ हरी झंडी दिखा दी है। इसके साथ ही फिल्म का रन टाइम भी सामने आ गया है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, जिगरा को यूए सर्टिफिकेशन दिया गया है और इसकी अवधि 155 मिनट है। इसका मतलब है कि फिल्म की अवधि 2 घंटे 35 मिनट है। आलिया भट्ट इस फिल्म की मुख्य भूमिका में हैं और उन्होंने करण जौहर के साथ मिलकर इस वासन बाला निर्देशित फिल्म का सह-निर्माण किया है।

आगामी फिल्म में आलिया और वेदांग भाई-बहन की भूमिका निभा रहे हैं और उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों से प्रशंसा मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत आलिया भट्ट के किरदार को देर रात कॉल आने से होती है, जिसमें बताया जाता है कि उसके भाई अंकुर (वेदांग रैना) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उलझन और चिंता में वह उससे पूछती है कि क्या उसने कुछ गलत किया है और क्या उसका ब्लड टेस्ट साफ होगा। फिर अंकुर को एक विदेशी देश के कोर्ट रूम में देखा जाता है, जो भाषा समझने में असमर्थ है और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

अपने भाई को बचाने के लिए आलिया का किरदार स्थितियों से जूझने के लिए बेताब होकर एक मिशन पर निकल पड़ता है। वह पूछती हैं कि क्या खुद को चोट पहुंचाने से अधिकारी उन्हें भाई से मिलने देंगे, लेकिन उन्हें बार-बार मना कर दिया जाता है। वह उस देश की यात्रा करती हैं, जहां उनके भाई को रखा गया है और उसे रिहा करवाने के लिए अपनी लड़ाई शुरू करती हैं। ट्रेलर में जोरदार एक्शन दिखाया गया है, जिसमें आलिया अपने भाई को बचाने के लिए साहसी स्टंट करती हैं, गार्डों से बचती हैं और महत्वपूर्ण कदम उठाती हैं, जिसे जेल में प्रताड़ित किया जा रहा है। हर मोड़ पर बाधाओं का सामना करने के बावजूद वह हार नहीं मानती हैं।


बॉक्स ऑफिस पर जिगरा की टक्कर राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से होगी। जिगरा फिल्म 2022 की डार्क कॉमेडी डार्लिंग्स के बाद आलिया की दूसरी होम प्रोडक्शन फिल्म है। जिगरा की आधिकारिक घोषणा के दौरान आलिया ने कहा था, धर्मा प्रोडक्शन में डेब्यू करने से लेकर अब उनके साथ एक फिल्म का निर्माण करने तक कई मायनों में ऐसा लगता है कि मैंने जहां से शुरुआत की थी, वहीं से एक चक्र पूरा कर लिया है।वासन बाला निर्देशित यह फिल्म 11 अक्तूबर, 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## बिग बॉस 18 में नजर आएंगी उर्फी जावेद की बहन उरुसा, निर्माताओं से बातचीत जारी



चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस के नए सीजन के साथ सलमान खान एक बार फिर से वापसी के लिए तैयार हैं।6 अक्टूबर से बिग बॉस 18 शुरू होने जा रहा है, जिसका प्रशंसक भी काफी समय से इंतजार कर रहे थे।अब तक इसके कई प्रोमो सामने आ गए हैं, वहीं निया शर्मा इस सीजन की पहली प्रतियोगी हैं।अब खबर आ रही है कि उर्फी जावेद की बहन उरुसा भी बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं।कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने कुछ दिन पहले बिग बॉस 18 के लिए उरुसा से संपर्क किया था और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है। एक सूत्र ने कहा, उरुसा बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं। चीजें अभी तय नहीं हुई हैं और वह निर्माताओं के साथ बातचीत के अंतिम चरण में हैं।अब दर्शक उन्हें शो में देखने के लिए उत्साहित हो रहे हैं।बता दें कि उरुसा साल 2021 में आया रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में नजर आई थीं, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ।उर्फी ने हाल ही में ओटीटी की दुनिया में कदम रखा है। उनके करियर की पहली वेब सीरीज फॉलो कर लो यार को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।इस सीरीज में उर्फी की बहन उरुसा की भी झलक दिखी थी। उन्हें लोगों का खूब प्यार मिला था।

## सलमान खान की फिल्म किक 2 का हुआ ऐलान, फिल्म से भाईजान का फर्स्ट लुक आउट



साजिद नाडियाडवाला ने अपनी आगामी फिल्म किक 2 का ऑफिशियल एलान किया है. इतना ही नहीं, प्रोड्यूसर ने फिल्म के सेट से सलमान खान का फर्स्ट लुक भी जारी किया है. इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया है.प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर किक 2 से सलमान खान तस्वीर शेयर की है. उन्होंने डेविल की मोनोक्रोम तस्वीर पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है, यह एक शानदार किक 2 फोटोशूट था सिकंदर. फ्रॉम ग्रैंड, साजिद नाडियाडवाला.किक 2 से सलमान खान का फर्स्ट लुक सामने आते ही फैंस का रिएक्शन आना शुरू हो गया. एक फैन ने लिखा है, सिकंदर के बाद डेविल. एक दूसरे फैन ने लिखा है, आइकोनिक बैकपोज. एक और फैन ने लिखा है, असली शो अब चालू होने वाला है, क्योंकि अब डेविल आने वाला है. अन्य फैंस ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन को फायर इमोजी से भर दिया है. किक 2 सलमान खान की 2014 की फिल्म किक का सीक्वल है. किक नाडियाडवाला की निर्देशन में पहली फिल्म थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही.

# रणबीर कपूर की धूम 4 में धमाकेदार एंट्री, निभाएंगे खतरनाक विलेन का रोल

बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म फ्रेंचाइज़ी 'धूम' को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही थीं, और अब यह तय हो गया है कि धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं. 2004 में जब आदित्य चोपड़ा ने जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के साथ धूम बनाई थी, तब इसने बॉलीवुड में एक नए तरीके की कहानी कहने की शुरुआत की थी. जॉन अब्राहम ने ग्रे शेड्स वाले किरदार को बड़े पर्दे पर बेहद कूल अंदाज में प्रस्तुत किया था. इसके बाद 2006 में रितिक रोशन और फिर 2013 में आमिर खान की एंट्री से यह फ्रेंचाइज़ी और भी सफल होती चली गई. अब रणबीर कपूर इस सीरीज़ के चौथे भाग में खलनायक के किरदार में नजर आएंगे.



धूम 4 के लिए रणबीर कपूर को नकारात्मक भूमिका में लिया गया है, और यह पूरी तरह से एक रिबूट फिल्म होगी. इसका मतलब है कि पिछली फिल्मों के कोई भी मुख्य कलाकार इस बार नजर नहीं आएंगे. फिल्म में दो नए युवा सुपरस्टार्स को पुलिस की जोड़ी के रूप में कास्ट किया जाएगा. सूत्रों के अनुसार, इस बार धूम 4 सिर्फ सबसे बड़ी धूम फिल्म ही नहीं होगी, बल्कि भारतीय सिनेमा की ग्लोबल स्टैंडर्ड पर बनी एक भव्य फिल्म होगी.

धूम 4 अब प्री-प्रोडक्शन स्टेज में प्रवेश कर चुकी है, और यह आदित्य चोपड़ा के नेतृत्व में वाईआरएफ (यशराज फिल्म्स) के बैनर तले तैयार की जा रही है. आदित्य चोपड़ा ने पिछले सभी हिस्सों की तरह इस बार भी विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर धूम 4 की स्क्रिप्ट तैयार की है. फिल्म की कहानी और विज़न को ऐसा रखा जा रहा है जिससे दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव मिल सके.

रणबीर कपूर के साथ लंबे समय से बातचीत चल रही थी, और अब यह तय हो गया है कि वह इस फिल्म का नेतृत्व करेंगे. रणबीर पहले से ही धूम 4 का हिस्सा बनने में रुचि दिखा रहे थे और अब वह इसके मुख्य अभिनेता के रूप में कंफर्म हो गए हैं. सूत्रों के अनुसार, आदित्य चोपड़ा का मानना है कि रणबीर इस फ्रेंचाइज़ी को आगे बढ़ाने के लिए एकदम सही विकल्प हैं.धूम 4 की शूटिंग 2025 के अंत या 2026 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है. रणबीर कपूर फिलहाल लव एंड वॉर और रामायण 1 और 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, और इन्हें पूरा करने के बाद वह धूम 4 पर काम शुरू करेंगे. दिलचस्प बात यह है कि धूम 4 रणबीर कपूर के करियर की 25वीं फिल्म होगी और इसे वह एक खास फिल्म बनाने की पूरी तैयारी कर रहे हैं. इसके बाद वह एनिमल पार्क पर काम करेंगे, जिससे उनका यह दशक शानदार होने वाला है.यशराज फिल्म्स के पास आने वाले 5 सालों में वॉर 2, अल्फा, मर्दानी 3, पठान 2, टाइगर वर्सेज पठान और धूम 4 जैसी कई बड़ी फिल्में हैं, जो भारतीय सिनेमा में एक नई पहचान बनाएंगी.

## बॉर्डर 2 में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की एंट्री, सनी देओल संग सीमापार दुश्मनों से लेंगे लोहा




बॉर्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के बाद अब सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की एंट्री हो गई है. फिल्म बॉर्डर में सुनील शेट्टी ने शानदार काम किया था और वह फिल्म में अपने रोल में शहीद हो गए थे. अब फिल्म बॉर्डर 2 में सुनील शेट्टी की कमी को पूरा करने के लिए उनके बेटे अहान शेट्टी को फौजी बनाकर उतारा गया है. सनी देओल और अहान शेट्टी ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को इसकी जानकारी दी है. साथ ही एक टीजर भी जारी किया है.बॉर्डर 2 के सामने आए टीजर में फिल्म बॉर्डर से सुनील शेट्टी की झलक दिख रही हैं, जिसमें सुनील शेट्टी दुश्मनों से लोहा लेते दिख रहे हैं. वहीं, अब यही काम बॉर्डर 2 में उनके बेटे अहान शेट्टी करने जा रहे हैं. इस फिल्म का बीती जून में एलान हुआ था. फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ की एंट्री हो चुकी है और अब फिल्म में अहान शेट्टी फौलादी फौजी के रोल में नजर आएंगे.

## गर्दन में होने वाले दर्द से हो जाएं सावधान क्योंकि हो सकते हैं ये सर्वाइकल के लक्षण, जानें इसके इलाज का तरीका

पहले सर्वाइकल पेन सिर्फ बड़ी उम्र के लोगों को होता था, लेकिन अब यह तेजी से युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है. यह बीमारी बड़े पैमाने पर देखी जा रही है, खासकर उन युवाओं में जो ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करते हैं. शरीर के किसी भी हिस्से में होने वाला दर्द पूरे शरीर को असंतुलित कर सकता है, ऐसे में सर्वाइकल पेन ने युवाओं का जीना मुश्किल कर दिया है. गर्दन में होने वाले दर्द को मेडिकल भाषा में सर्वाइकल पेन कहा जाता है. यह दर्द आमतौर पर उन लोगों में देखा जाता है जो घंटों बैठकर काम करते हैं.



### सर्वाइकल पेन के लक्षण

अगर इसके लक्षणों की बात करें तो शरीर में इसके कई लक्षण होते हैं. जिनमें सबसे प्रमुख है गर्दन में दर्द होना. इस स्थिति में गर्दन में रुक-रुक कर दर्द होता है. कभी तेज तो कभी हल्का. इसके कारण कई युवाओं को अपने दैनिक कार्य करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

सर्वाइकल पेन में गर्दन में अकड़न भी देखने को मिलती है. गर्दन की हालत ऐसी हो जाती है कि उसे हिलाना भी मुश्किल हो जाता है. कई बार गर्दन से शुरू होने वाला दर्द उंगलियों तक पहुंच जाता है. यह दर्द इतना तेज होता है कि इसे सहन करना मुश्किल हो जाता है.

सर्वाइकल पेन में हाथों में भी कमजोरी आने लगती है. जिसके कारण दैनिक कार्य करने में दिक्कतें आती हैं। इससे मांसपेशियों में अनैच्छिक संकुचन होता है.

### ये मुख्य लक्षण हैं.

ऐसे लक्षण महसूस होने पर मरीज को तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए. लेकिन अब आइए जानें कि सर्वाइकल पेन क्यों होता है?

### सर्वाइकल पेन क्यों होता है?

मांसपेशियों में खिंचाव, गलत मुद्रा में बैठना, लंबे समय तक कंप्यूटर या मोबाइल का इस्तेमाल करना, पर्याप्त नींद न लेना सर्वाइकल पेन का कारण बनता है. यह बीमारी खास तौर पर आईटी प्रोफेशनल्स में बड़े पैमाने पर देखी जाती है. जो लंबे समय तक बैठे रहने वाली जॉब करते हैं. सर्वाइकल पेन का इलाज क्या है? वहीं अगर इसके इलाज की बात करें तो डॉक्टर इसके पीछे की वजह बताते हुए कहते हैं कि सबसे पहले आपको यह पता लगाना होगा कि आपको सर्वाइकल पेन क्यों हो रहा है. क्योंकि कई मामलों में देखा जाता है कि दर्द के कारण अलग-अलग होते हैं, उसी के अनुसार आपके लिए इलाज का मार्ग प्रशस्त होगा.

अगर सर्वाइकल पेन गलत पोस्चर में बैठने की वजह से हो रहा है तो ऐसी स्थिति में मरीज को बिना किसी देरी के अपने बैठने की मुद्रा बदलनी होगी. इससे मरीज को राहत मिलने की पूरी संभावना है. इसके अलावा दर्द से राहत पाने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें. क्योंकि आमतौर पर व्यायाम के अभाव में भी शरीर के किसी हिस्से में दर्द देखा जाता है और अगर यह दर्द गंभीर रूप ले रहा है तो ऐसी स्थिति में आपको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और उनके सुझावों का पालन करना चाहिए.

# घंटों लैपटॉप पर करते हैं काम तो आखों की थकान को दूर करने के लिए जरूर करें ये एक्सरसाइज

आज के डिजिटल जमाने में आंखों की थकावट या तनाव एक आम शिकायत है. जो अक्सर लंबे समय तक स्क्रीन के सामने रहने के कारण होती है. अगर आप भी इससे जूझ रहे हैं तो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ खास आदतों को शामिल करके इनसे निजात पा सकते हैं. सिरदर्द, धुंधली दृष्टि और सूखी आंखें जैसे लक्षण डिजिटल आई स्ट्रेन के सभी लक्षण हैं. जो असुविधा को कम करने और आपकी आंखों को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं.

### 20-20-20 नियम का पालन करें

आंखों की थकान को रोकने के लिए एक आसान लेकिन शक्तिशाली तरीका 20-20-20 नियम है. हर 20 मिनट में 20 सेकंड का ब्रेक लें और 20 फीट दूर किसी चीज़ को देखें. यह आदत आपकी आंखों को आराम देती है, जिससे स्क्रीन पर लगातार ध्यान कम होता है. जो आंखों के तनाव का एक मुख्य कारण है. अपने फ़ोन पर रिमाइंडर सेट करना या ऐसे ऐप का उपयोग करना जो आपको ब्रेक लेने के लिए प्रेरित करते हैं. इस आदत को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं.

### अपनी लैपटॉप स्क्रीन सेटिंग ठीक करें

आपके डिजिटल डिवाइस पर चमक और कंट्रास्ट सेटिंग आंखों के आराम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. सुनिश्चित करें कि आपकी स्क्रीन की चमक आपके परिवेश में मौजूद रोशनी से मेल खाती हो. आपकी स्क्रीन और कमरे की रोशनी



के बीच बहुत ज़्यादा कंट्रास्ट आपकी आंखों को ज़्यादा मेहनत करवा सकता है. इसके अलावा, टेक्स्ट का आकार बढ़ाने और एंटी-ग्लेयर स्क्रीन या कोटिंग का उपयोग करके चमक को कम करने से तनाव कम हो सकता है.

### ज़्यादा बार पलकें झपकाएं

स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करते समय लोगों का कम बार पलक झपकाना आम बात है. जिससे उनकी आंखें सूखी और चिड़चिड़ी हो जाती हैं. कंप्यूटर, स्मार्टफ़ोन या टैबलेट पर काम करते समय ज़्यादा बार पलकें झपकाने का सचेत प्रयास करें. पलकें झपकाना आंखों को नम रखने में मदद करता है, सूखापन रोकता है और स्वाभाविक रूप से तनाव को कम करता है. अगर आपको याद रखने में मुश्किल हो रही है. तो अपनी आंखों में नमी बनाए रखने के लिए कृत्रिम आंसू या आई ड्रॉप का उपयोग करने पर विचार करें.

### सही लाइट में बैठकर काम करें

अगर आप जिस जगह बैठकर काम कर रहे हैं और वहां लाइट कम हैं तो उससे आपकी आंखों में दिक्कत हो सकती है. इसलिए कम रोशनी वाले कमरे में बैठकर काम न करें. काम करने के लिए ऐसी रोशनी चुनें न तो बहुत ज्यादा तेज और न बहुत ज्यादा हल्का हो. यदि आप कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं,

तो सुनिश्चित करें कि स्क्रीन पर ऊपर की ओर प्रकाश या खिड़कियों से कोई चमक न आ रही हो. अपनी स्क्रीन को ऐसे कोण पर रखें जहां चमक कम से कम हो और अपने कार्यस्थल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए नरम रोशनी वाले डेस्क लैंप का उपयोग करने पर विचार करें.

### आंखों की एक्सरसाइज करें

अपनी आखों की मांसपेशियों को मज़बूत बनाएं इसके लिए आप आंखों से जुड़ी एक्सरसाइज करें. आप इस तरह के एक्सरसाइज कर सकते हैं जैसे आंखों को घुमाना, आंखों को हर 10 सेकेंड पर घुमाना. ऐसा करने से आप ज्यादा एकाग्रता से काम कर सकते हैं. आंखों की एक्सरसाइज जरूर करें.

# भीषण सूखे की चपेट में ब्राजील

## अमेजन वर्षावन में रिवर पोर्ट का जल स्तर 122 साल में सबसे नीचे

मनौस, ब्राजील (आरएनएस)। अमेज़ॅन वर्षावन के सबसे बड़े शहर मनौस में रिवर पोर्ट शुक्रवार को अपने 122 साल के सबसे निजल जल स्तर तक पहुंच गया। इससे भू-जल और पर्यावरण वैज्ञानिक भी हैरान हैं। वर्ष 1902 के बाद से रिवर पोर्ट का जल स्तर पहली बार अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है। यहां भीषण सूखे के कारण जलमार्ग नष्ट हो गए हैं। पोर्ट पर सूखे के चलते अनाज निर्यात और आवश्यक आपूर्ति का परिवहन भी बाधित हो गया है, जो इस क्षेत्र की जीवन रेखा है।

बताया जा रहा है कि औसत से कम बारिश इस बड़े सूखे की वजह है। यहां तक कि बरसात के मौसम में भी यहां बहुत कम वर्षा हुई है। पिछले साल से अमेज़ॅन और दक्षिण अमेरिका के अधिकांश हिस्से इससे त्रस्त हैं। ब्राजील और बोलीविया में एक दशक से भी अधिक समय में सबसे भीषण जंगली आग लगी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि जलवायु परिवर्तन इसका मुख्य कारण है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अमेज़ॅन क्षेत्र 2026 तक नमी के स्तर को पूरी तरह से ठीक नहीं कर पाएगा।

पिछले साल सूखा एक मानवीय संकट बन गया था, क्योंकि नदियों पर निर्भर लोग भोजन, पानी या दवा के बिना फंसे हुए थे। हालांकि इस साल अधिकारी पहले से ही अलर्ट पर हैं। राज्य के नागरिक सुरक्षा कोर के अनुसार बुरी तरह प्रभावित अमेज़ॅनस राज्य में कम से कम 62 नगर पालिकाएं आपातकाल की स्थिति में हैं और पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।



बंदरगाह के परिचालन प्रमुख वाल्मीर मेंडोंका ने कहा, मनौस बंदरगाह 120 से अधिक वर्षों में यह अब तक का सबसे गंभीर सूखा है। उन्होंने कहा कि नदी का स्तर अगले एक या दो सप्ताह तक और गिरने की आशंका है।

वेबसाइट के अनुसार मनौस बंदरगाह ने शुक्रवार को रियो नीग्रो नदी का तापमान 12.66 मीटर मापा, जो पिछले साल दर्ज किए गए अब तक के सबसे निचले स्तर को पार कर गया है और अभी भी तेजी से गिर रहा है। रियो नीग्रो अमेज़न नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है, जो आयतन के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी नदी है। बंदरगाह पानी के मिलन के पास स्थित है जहां नीग्रो का काला पानी रेतीले रंग के सोलिमोस से मिलता है, जो इस सप्ताह रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। एक बंदरगाह संघ ने पिछले महीने कहा था कि पानी का स्तर कम होने के कारण अमेज़ॅन की एक अन्य सहायक नदी मदीरा नदी पर अनाज लदान रोक दिया गया है। शोधकर्ताओं को एक बार फिर मीठे पानी की नदी अमेजन में डॉल्फ़िन के शव मिल रहे हैं, जिसके लिए वे पानी के पतले होने को जिम्मेदार ठहराते हैं। यही वजह है कि खतरे में पड़ीं जलीय प्रजातियां मनुष्यों के निकट संपर्क में आ रही हैं।

राष्ट्रीय आपदा निगरानी एजेंसी सेमाडेन ने पहले ही सूखे को कम से कम 1950 के दशक के बाद ब्राजील की सबसे खराब घटना करार दिया है। सूखे ने ब्राज़ील के बिजली के मुख्य स्रोत जलविद्युत संयंत्रों को भी प्रभावित किया है। ऊर्जा अधिकारियों ने बिजली बचाने के लिए डेलाइट सेविंग टाइम को वापस लाने की मंजूरी दे दी है, हालांकि इस उपाय के लिए अभी भी राष्ट्रपति की मंजूरी की आवश्यकता है।अत्यधिक मौसम और शुष्कता दक्षिण अमेरिका के अधिकांश हिस्से को प्रभावित कर रही है, पराग्वे नदी भी अब तक के सबसे निचले स्तर पर है।

वह नदी ब्राज़ील से शुरू होती है और पैराग्वे और अर्जेंटीना से होते हुए अटलांटिक में बहती है। वही अत्यधिक गर्मी और सूखापन दुनिया के सबसे बड़े आर्द्रभूमि अमेज़ॅन और पड़ोसी पैंटानल में बढ़ती आग को रोकने में मदद कर रहा है। ब्राज़ील की अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, बोलीविया भी अब तक दर्ज की गई सबसे अधिक आग के रिकॉर्ड को तोड़ने की राह पर है।

## खामेनेई ने इजरायल को कहा पिशाच, भेड़िया और अमेरिका को बताया पागल कुत्ता

### शेयर किया ये वीडियो

तेहरान, (आरएनएस)। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई इजरायल पर करीब 200 मिसाइलों से हमला करने के बाद लगातार अपने जोश को हाई करते दिखाई दे रहे हैं। इस बार खामेनेई ने इजरायल और अमेरिका को लेकर जो कहा है, उसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। खामनेई ने अभी-अभी अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें इजरायल पर ईरानी सेना के मिसाइल हमलों को अंजाम देते दिखाया गया है। वीडियो में ईरान ने यह दिखाने की कोशिश की है कि उसके ताबड़तोड़ हमले को आयरन डोम जैसे हथियार रखने का दावा करने वाला इजरायल बिलकुल नहीं रोक सका और उस पर मिसाइलों की बौछार होती रही।

इस वीडियो को शेयर करते हुए खामनेई ने इजरायल को पिशाच और भेड़िया कहा है। जबकि अमेरिका को पागल कुत्ता की संज्ञा से नवाजा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इजरायल और अमेरिका के खिलाफ वह किस कदर भड़के हुए हैं। खामेनेई ने वीडियो शेयर करते हुए इजरायल पर बीते मंगलवार के हमले को सही ठहराया है। अली खामेनेई ने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों का शानदार काम पूरी तरह से कानूनी और वैध था और इजरायल के पिशाच व भेड़िया जैसे शासन के क्षेत्र में अमेरिकी पागल कुत्ते के आश्चर्यजनक अपराधों के खिलाफ कब्जा करने वाले ज़ायोनी शासन के लिए यह सबसे कम सजा थी। उन्होंने जरूरत पड़ने पर इजरायल पर इससे भी बड़े हमले का संकल्प दोहराते हुए कहा कि इस क्षेत्र में इस्लामिक रिपब्लिक (ईरान) का जो भी कार्य होगा, वह उसे पूरी ताकत, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के साथ करेगा। ईरान किसी भी हालात में पीछे नहीं हटेगा।

## यमन के हूतियों को अमेरिका ने सिखाया सबक, 12 से अधिक ठिकानों पर किया भीषण हवाई हमला

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी की सेना ने यमन के हूतियों को बड़ा सबक सिखाया है। लाल सागर और अदन की खाड़ी में हूतियों के हमले के विरोध में अमेरिकी सेना ने हूतियों के 1 दर्जन से अधिक ठिकानों को हवाई हमले में ध्वस्त कर दिया है। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने हूती विद्रोहियों के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर शुक्रवार को यह लक्षित हमला किया। इस दौरान हूती के हथियार प्रणालियों, अड्डों और अन्य उपकरणों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की। यमन के हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। अधिकारियों के अनुसार, हूती विद्रोहियों के पांच स्थानों पर स्थित विभिन्न ठिकानों पर सैन्य विमानों और युद्धपोतों के जरिए बमबारी की गई। इससे पहले की खबरों में कहा गया था कि हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमलों में ब्रिटेन भी शामिल था। लेकिन बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन हमलों में ब्रिटेन शामिल नहीं था।

## इजरायल ने हिजबुल्लाह का खुफिया मुख्यालय उड़ाया, लेबनान पर भीषण हमले में 250 की मौत

बेरुत/येरूशलम,(आरएनएस)। इज़रायल ने हिजबुल्लाह के कई कमांडरों को ढेर करने के बाद अब लेबनान में उसके खुफिया हेड क्वॉर्टर को भी उड़ा दिया है। इजरायली सेना की ओर से दक्षिणी लेबनान में किए गए इस हमले में कम से कम 250 लोग मारे गए है। इससे ईरान बौखला गया है। ईरान का कहना है कि वह अब पीछे नहीं हटेगा। इजरायली सेना ने कहा कि उसने बेरूत में शुक्रवार को हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया। इसके साथ ही इस आतंकी समूह के टॉप कमांडरों को निशाना बनाया। एक अस्पताल को हिजबुल्लाह आतंकी कमांड सेंटर के तौर पर इस्तेमाल कर रहे थे। उसे भी हमले में ध्वस्त कर दिया गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने कहा कि इन हमलों से तेहरान की सेहत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। अब वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटने वाला।

उत्तरी लेबनान में एक शरणार्थी शिविर पर इस इजरायली हमले में हमास अधिकारी सईद अताल्ला अली और उनके परिवार की भी मौत हो गई है। हमास ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि इजरायल हिजबुल्लाह के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। वह अब बीते मंगलवार को अपने ऊपर हुए ईरान के मिसाइल अटैक का जवाब देने की भी तैयारी कर रहा है। ईरान ने तेल अवीव पर यह हमला लेबनान में इज़रायल की सैन्य कार्रवाई के जवाब में किया था।

## ईरान के तेल संयंत्र नहीं, अन्य जगह पर हमले के बारे में सोचे इजराइल

### -अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नेतन्याहू को दी सलाह

वाशिंगटन,(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल को सलाह दी कि वह ईरान के तेल उत्पादन संयंत्रों पर हमले के बजाय अन्य विकल्प तलाशे। बाइडेन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका इजराइल के साथ ईरान के मिसाइल हमलों का जवाब देने की रणनीति तैयार कर रहा है। बाइडेन ने कहा कि देखिए, इजराइलियों ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वे किस तरह से हमला करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर मैं उनकी जगह होता, तो तेल क्षेत्रों पर हमला करने के बजाए अन्य विकल्पों के बारे में सोचता। उन्होंने यह भी कहा कि उनके प्रशासन के अधिकारी इजराइली समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

बाइडेन ने कहा कि इजराइल फिलहाल हाई-हॉलिडे की छुट्टियों का आनंद ले रहा है और इसलिए उन्हें यह देखने के लिए इंतजार करना होगा कि इजराइल ईरान पर हमला करने का क्या फैसला लेता है।



बता दें ईरान ने विगत दिवस को इजराइल पर कम से कम 200 मिसाइलें दागी थीं। इस हमले का इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब देते हुए कहा था कि ईरान ने बड़ी गलती की है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने भी इजराइल पर हमले की सराहना की और इसे पूरी तरह से कानूनी और वैध बताया है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने का आह्वान किया यह कहते हुए कि दुश्मन एक है और सबको साथ आने की जरूरत है।

## श्रीलंका अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देगा

### -श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने चीन को दिखाया आईना, जयशंकर ने दिया आश्वासन

कोलंबो,(ए)। भारत को घेरने चीन हमेशा से अपने पड़ोसी मुल्कों का फायदा उठाता रहा है। कभी पाकिस्तान, नेपाल तो कभी श्रीलंका। इन देशों की जमीन का इस्तेमाल ड्रेगन भारत को घेरने के लिए करता है लेकिन इस बार उसे पड़ोसी देश से करारा जवाब मिला है। दरअसल, श्रीलंका दौरे पर गए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात में श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने चीन को खरी खोटी सुनाई है। राष्ट्रपति दिसानायके ने जयशंकर से मुलाकात में कई मुद्दों पर बातचीत की। इसी दौरान उन्होंने कहा कि वह श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ गतिविधियों के लिए नहीं होने देंगे।

# खेल समाचार

## हरमनप्रीत कौर ने करारी हार के बाद सामने मानी गलती, बताया कहां हुई टीम इंडिया से चूक

नईदिल्ली, (आरएनएस)। वुमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम इंडिया को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा. न्यूजीलैंड ने 58 रनों से भारत को मात दी. इस हार के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नाखुश दिखीं. उन्होंने सबके सामने अपनी टीम की गलती मानी. आइए आपको बताते हैं कि भारतीय कप्तान ने क्या-क्या कहा..

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही है. टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा. इस करारी हार के बाद भारतीय कप्तान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला.

पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में हरमनप्रीत ने कहा, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला, जबकि उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया. हमने मौके बनाए, लेकिन उसको भुना नहीं सके. फील्डिंग में हमने काफी गलतियां की, हालांकि, हम इससे बहुत कुछ सीखेंगे. हमने इससे पहले कई बार 160-170 रनों को चेज किया है और आज भी यही उम्मीद कर रहे थे.



महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम इंडिया ने पहला मैच न्यूजीलैंड के साथ खेला. इस मैच में कीवी टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. मुकाबले में कप्तान सोफी डिवाइन की 57 रनों की कप्तानी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बोर्ड पर 160/4 रनों का स्कोर लगाया.161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया 102 के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई. टीम का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर डट नहीं पाया और भारत को पहले ही मैच में 58 रनों से एक शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा.भारतीय क्रिकेट टीम इस टूर्नामेंट में दूसरा मैच पाकिस्तान के साथ खेलेगी. दोनों टीमों के बीच मुकाबला 6 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा. आपको बता दें, एक ओर जहां, भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा, वहीं पाकिस्तान की टीम पहले मैच में श्रीलंका को मात देकर आई है. अब भारत-पाकिस्तान मैच में कांटे की टक्कर वाले मैच में देखना होगा कि कौन सी टीम बाजी मारती है.

## एमेलिया कर के रन आउट घटनाक्रम ने खड़े किए सवाल

दुबई (आरएनएस)। शुक्रवार को दुबई में महिला टी20 विश्व कप 2024 में भारत-न्यूज़ीलैंड मैच के दौरान पहली पारी में एमेलिया कर को रन आउट न दिए जाने को लेकर विवाद की स्थिति पनप गई। भारतीय टीम ने 14वें ओवर में कर द्वारा रन लेने के प्रयास में रन आउट की अपील की, जिसे अंपायर ने नकार दिया।दरअसल दीप्ति शर्मा की अंतिम गेंद पर लॉन्ग ऑफ़ पर शॉट खेले जाने के बाद सोफ़ी डिवाइन और कर ने मिलकर दूसरा रन लेने का प्रयास किया और स्ट्राइकर एंड पर कर क्रीज़ तक नहीं पहुंच पाईं। हालांकि दूसरे रन के लिए भागे जाने से पहले ही दीप्ति ने अंपायर से अपनी कैप वापस मांग ली थी।इसका मतलब था कि गेंद डेड हो चुकी थी क्योंकि अंपायर द्वारा गेंदबाज़ को कैप थमाए जाने के बाद गेंद को प्ले में नहीं माना जा सकता था और हरमनप्रीत कौर ने इस घटना के बाद ही गेंद को विकेटकीपर की ओर थ्रो किया था।इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सात मिनट तक के लिए खेल रुका रहा। भारतीय मुख्य कोच अमोल मज़ूमदार भी रन आउट न दिए जाने पर निराश दिखाई दिए। वह बाउंड्री लाइन के पास चौथे अंपायर के साथ चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे थे।रन आउट की अपील नकारे जाने और सिंगल दिए जाने के बाद अगले ओवर की शुरुआत में कर को वापस स्ट्राइक पर आना चाहिए था, लेकिन उनकी जगह पर डिवाइन ने स्ट्राइक लिया और सिंगल लिए जाने के बाद कर वापस स्ट्राइक पर आ गईं। हालांकि कर अगली गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के हाथों कैच थमा बैठीं। रन आउट की इस अपील पर डेड बॉल से संबंधित एमसीसी का नियम यही कहता है कि ऐसी स्थिति में गेंदबाज़ या विकेटकीपर का रुख़ एक अच्छा मार्गदर्शक हो सकता है। हालांकि ऐसी स्थिति में भी अंपायर की राय ही मान्य होती है। अगर अंपायर को लगता है कि गेंद पूरी हो चुकी थी तो उसे डेड माना जाएगा, इससे फ़र्क नहीं पड़ता यदि कोई एक या अधिक खिलाड़ी यह मानते हों कि गेंद अभी भी प्ले में है।

## बारबाडोस 2026 में, गयाना 2025 में सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा

त्रिनिदाद,(आरएनएस)। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल 2026 में पहली बार सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि गयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल के लिए स्थल के रूप में काम करेगा, जो प्रतिष्ठित मैच की मेजबानी करने वाला लगातार चौथा वर्ष है।

यह घोषणा गत सीपीएल चैंपियन गयाना अमेज़न वारियर्स द्वारा 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने से कुछ समय पहले की गई। गयाना के अध्यक्ष मोहम्मद इरफ़ान अली ने टीम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और 2025 के फाइनल की मेजबानी को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर गयाना अमेज़न वारियर्स को सफलता की कामना करना चाहता हूं क्योंकि हम लगातार दो बार से ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं।अन्य सभी टीमों के लिए, हम आपको शुभकामनाएं देते हैं क्योंकि हम एकता के साथ मिलकर खेलते हैं। मुझे यह घोषणा करते हुए भी बहुत खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा। सीपीएल के सीईओ पीट रसेल ने लीग के इतिहास में दोनों मेजबान देशों के महत्व पर जोर दिया। रसेल ने दोनों देशों की सरकारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, गयाना और बारबाडोस पिछले 12 वर्षों से सीपीएल के लिए अद्भुत साझेदार रहे हैं और यह घोषणा करना वास्तव में रोमांचक है कि वे क्रमश: 2025 और 2026 में फाइनल के लिए मेजबान होंगे। 2019 में अपना आखिरी खिताब जीतने वाले दो बार के सीपीएल चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स के पास अब 2026 में घरेलू धरती पर तीसरा खिताब जीतने का मौका होगा। मैदान पर, गयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स ने दूसरे क्वालीफायर में बारबाडोस रॉयल्स पर शानदार जीत के बाद अपने खिताब की रक्षा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। मोईन अली, रहमानुल्लाह गुरबाज और शाई होप के तेजतर्रार योगदान की बदौलत वॉरियर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 149 रनों के लक्ष्य को महज 15 ओवर में हासिल कर लिया।

## शंघाई मास्टर्सः अल्काराज़ ने शांग को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया

शंघाई, (आरएनएस)। बीजिंग फाइनल में जानिक सिनर पर अपनी रोमांचक जीत के कुछ ही दिनों बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शंघाई मास्टर्स में अपना दबदबा जारी रखा और दूसरे दौर में चीन के उभरते सितारे शांग जुनचेंग को 6-2, 6-2 से आसानी से हरा दिया।अल्काराज़, जो अपने 18 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी से तीन साल बड़े हैं, ने स्वीकार किया कि एटीपी टूर पर खुद से कम उम्र के किसी खिलाड़ी का सामना करना असामान्य लगा। मैच के बाद अल्काराज़ ने कहा, मुझे अपने से कम उम्र के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की आदत नहीं है। वह हाल ही में अच्छा टेनिस खेल रहा है, उसने अपना पहला एटीपी (चेंगदू में खिताब) जीता है, इसलिए मुझे पूरा यकीन है कि वह रैंकिंग में ऊपर जाएगा। मैं इस तरह के मैच जीतने में सक्षम होने से खुश हूं।शुरुआत से ही, अल्काराज़ ने शंघाई के दर्शकों के सामने शानदार खेल दिखाया, पहले नौ अंक जीतकर मैच की शुरुआत की और तुरंत ही शांग की सर्विस तोड़ दी। स्पैनियार्ड के आक्रामक नेट प्ले और शक्तिशाली रिटर्न ने उनके प्रतिद्वंद्वी को पूरे समय बैकफुट पर रखा। अल्काराज़ ने सात में से चार ब्रेक पॉइंट को बदला और अपने सभी सात नेट एप्रोच जीते। मैच का एक मुख्य आकर्षण दूसरे सेट की शुरुआत में आया जब अल्काराज़ ने पीछे हटने के लिए मजबूर होने के बाद एक शानदार बैकवर्ड फ्लिक किया और एक अंक बचाया। उन्होंने उस रैली को जीत लिया और मैच में अपने सामने आए एकमात्र ब्रेक पॉइंट को बचाकर अपनी 3-1 की बढ़त बनाए रखी। शांग, जो स्पष्ट रूप से मात खा रहे थे, लेकिन अच्छे मूड में थे, अल्काराज़ के धमाकेदार रिटर्न के बाद केवल मुस्कुराए, जिससे तीसरे सीड के लिए एक और गेम पक्का हो गया। हार के बावजूद, शांग ने एक यादगार अनुभव के साथ कोर्ट छोड़ा। अल्काराज़ ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, नेट पर उन्होंने मुझसे कहा कि आपके साथ कोर्ट साझा करना खुशी की बात है। इस तरह की बातें जो मैं युवा खिलाड़ियों से सुनता हूं, वह बहुत बढ़िया है।

## पाकिस्तान के खिलाफ बेन स्टोक्स के खेलने पर अब भी सस्पेंस



नई दिल्ली(आरएनएस)। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में सात अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलने पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है।बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। वह श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की 2-1 की सीरीज जीत में भी शामिल नहीं थे। फिलहाल, उनकी जगह ओली पोप टीम की कमान संभाल रहे हैं।इंग्लैंड के पहले अभ्यास सत्र के बाद सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि उसे कुछ और टेस्ट से गुजरना होगा, लेकिन वह पहले से काफी बेहतर नजर आ रहा है। मैदान पर भी वो मेहनत कर रहा है और अपनी चोट से अच्छी तरह से उबर रहा है, लेकिन हमें अभी तक सटीक चीजें नहीं पता। हालांकि, जो भी फैसला लिया जाएगा, वो टीम और उसके लिए सही होगा। हमारी बेंच स्ट्रेंथ काफी मजबूत है, इसलिए अभी कोई परेशानी नहीं है।जैक क्रॉले खुद भी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैचों में बेन डकेट के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे।दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने खुलासा किया कि वह अपनी चोटिल उंगली की सुरक्षा के लिए इस सीरीज में स्लिप में फील्डिंग नहीं करेंगे, जिसमें पहले फ्रैक्चर हो गया था। उन्होंने कहा, मैंने निश्चित रूप से गेम को मिस किया है, इसलिए मैं टीम के साथ फिर से खेलने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। इस ब्रेक से मुझे पता चला कि इंग्लैंड के लिए खेलना मेरे लिए कितना मायने रखता है और मुझे खेलना कितना पसंद है।

## विराट कोहली नहीं ऋषभ पंत है स्लेजिंग करने में माहिर, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने खोला राज

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय टीम को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है. जहां, भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेली जाएगी, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बीच स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स टीम इंडिया के उस खिलाड़ी का नाम बता रहे हैं, जो सबसे ज्यादा स्लेजिंग करता है. भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

## भारत और श्रीलंका के बीच हो सकता है डब्यूटीसी फाइनल




मुम्बई (ए)। इस बार भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) के इस तीसरे संस्करण का फाइनल हो सकता है। भारतीय टीम पहले दो संस्करण में उपविजेता रही थी। पहली बार उसे न्यूजीलैंड जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इस बार जहां भारतीय टीम बांग्लादेश पर जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक स्थान के साथ ही फाइनल की दावेदार है जबकति श्रीलंका भी ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देती दिख रही है। भारतीय टीम का अभी जीत प्रतिशत 74.24 है और उसे फाइनल में पहुंचने 8 में से 3 मैच ही जीतने होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 62.5 है और उसे 7 में से 4 मैच जीतने होंगे। श्रीलंका का जीत प्रतिशत 55.56 है और उसे 4 में से 3 मैच जीतने हैं। इंग्लैंड का जीत प्रतिशत 42.19 है और वह दौड़ से बाहर हो गयी है। वहीं द. अफ्रीका का जीत प्रतिशत 38.89 है और उसे 6 में से 5 मैच जीतने होंगे।न्यूजीलैंड का जीत प्रतिशत 37.50 है और उसे अपने 6 में से सभी 6 मैच जीतने होंगे। आंकड़े साफ हैं कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ही फाइनल में भारत से भिड़ने वाली दूसरी टीम होने की संभावनाएं हैं। भारत को अभी 8 में से 3 टेस्ट जीतने जरूरी है। ये लक्ष्य टीम न्यूजीलैंड को 3 टेस्ट मैच की घरेलू सीरीज में ही हराकर ही हासिल कर सकता है। जबकि श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका से 2 तो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ एक ही टेस्ट जीतने की जरूरत है। श्रीलंका इसलिए भी पसंदीदा है क्योंकि घरेलू धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज घरेलू मैदान पर खेलनी है।

मां शक्तिरूपेण संस्थिता

# नर्मदा तट तालनगरी के मंदिर में विराजमान हैं अष्टभुजा मां दुर्गा



नर्मदापुरम (निप्र)। मां नर्मदा के पावन दक्षिण तट में स्थित तालनगरी में प्राचीन खेड़ापति देवी स्थान पर प्राचीन मंदिर स्थित है। यहां पर मां दुर्गा की अष्टभुजाधारी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। गांव के पंडित भागचंद तिवारी ने बताया कि गांव के सभी संभ्रांत ग्रामीणजनों की जनभागीदारी से मां देवी के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही देवीजी की मूर्ति की विधि विधान पूजन अर्चन अभिषेक के साथ ही देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। देवी प्रतिमा की स्थापना के बाद से ग्रामीणजनो में और ज्यादा विशेष उत्साह बना हुआ है। इस पुण्य अवसर पर गांव वालों की ओर से कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह देवी मां का स्थान काफी प्राचीन है।

**देवी स्थान का इतिहास**

मां नर्मदा के तट पर अनेक देवी देवताओं के स्थान है। इसमें तालनगरी वाली मां दुर्गा का स्थान भी काफी प्राचीन है। जहां पर आसपास क्षेत्र के लोगों का आना- जाना लगा रहता है। मां नर्मदा के तट पर देवी मां के स्थान पर लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती है। इसी कारण अनेक श्रद्धालु यहां पर पूजन अर्चन करने के लिए आते हैं। सभी गांव वालों की इच्छा थी कि यहां पर देवी मां का मंदिर बनना चाहिए और देवी मां की मूर्ति स्थापित हो। यह कार्य होने पर अब गांव के सभी लोगों में खुशी का माहौल है। बड़ी श्रद्धा के साथ नवरात्र मनाया जा रहा है।

**इनका कहना है-**

मैं सौभाग्यशाली हूं कि मां नर्मदा के पुनीत तट पर मां दुर्गाजी की मूर्ति की स्थापना का साक्षी हूं प्राण प्रतिष्ठा में सहभागी रहा हूं। यह हमारे क्षेत्र का प्राचीन देवी स्थान है। जिसकी दूर-दूर तक प्रसिद्धि है। इस धार्मिक स्थान पर अनेक भक्त आते हैं हजारों लोगों का सीधा जुड़ाव है। नवरात्र में तो भक्तों का तांता लगा रहता है।

**पं. भागचंद तिवारी, श्रद्धालु**

## सारे बोलो जय माता दी कहते हुए सलकनपुर देवी धाम जा रहे अनेक जत्थे



नर्मदापुरम (निप्र)। शारदीय नवरात्र में देवी की भक्ति में भक्तगण सराबोर हैं। कोई उपवास कर रहा है कोई देवी की पूजन पाठ में लगे हुए हैं। तो कोई देवी धाम सलकनपुर की पदयात्रा कर रहे हैं। हर दिन कई जत्थे शहर में आ रहे हैं। ये लोग मां नर्मदा के तट पर आकर मां नर्मदा में डुबकी लगाने के बाद फिर आगे बड़ते जा रहे हैं।

ये लोग अपने हाथ में लाल ध्वज लेकर सारे बोलो जय माता दी मिलकर बोलो जय माता दी के जयघोष करते हुए अपनी धुन में चले जा रहे हैं। कई भक्त बिना जूते चप्पल पहने चले जा रहे हैं। वहीं इन भक्तों के लिए जगह जगह फलहार की व्यवस्था अन्य स्वयंसेवियों के द्वारा की जा रही है। बीते पांच दिन में ही शहर व हाई वे से करीब 50 हजार श्रद्धालु निकल चुके हैं।

# शासन प्रशासन की बिना मेहनत, बगैर ध्यान दिए रेती की खेती से सरकार के खजाने और माफियाओं की जेब में पहुंचेंगे करोड़ों रुपये

**नर्मदा और तवा के जल स्तर उतरने और अक्टूबर लगते ही जमकर होने लगी रेत की चोरी**

**रेत माफिया फिर हो गया सक्रिय, रेत चोरों के आगे प्रशासन बन जाता है बोना**



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा और तवा नदी की बहूमूल्य रेत एक बार फिर निकल आई है। दोनों नदियों के जल स्तर कम होते ही सुनहरी रेत के भंडार निकल आए हैं। जिसे देखकर रेत माफिया सक्रिय हो गया है। शासन प्रशासन और रेत माफिया को किसी तरह की कोई मेहनत नहीं करनी पड़ती है। हर वर्ष जल स्तर कम होते ही नर्मदा और तवा नदी करोड़ों रूपये की रेत परोस देती है। जिससे शासन प्रशासन और रेत माफिया की बल्ले बल्ले हो जाती है। सरकार के खजाने में बड़ी मात्रा में रेत से धनराशि पहुंचती है उतनी इस क्षेत्र को प्रशासन नहीं देता है। जबकि रेत रायल्टी का एक मापदंड बनाकर पैसा जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य तथा पंचायतों को मिलना चाहिए जिससे वह अपने स्तर पर विकास कार्य करनें योगदान दे सके।

**कुकर मुत्ते की तरह ऊग रही अवैध कालोनियां**

रेत चोरों को प्रशासन का डर पहले भी नहीं रहा। शहर से सटे हुए अनेक क्षेत्रों में कुकरमुत्ते की तरह ऊग रही वैध अवैध कालोनियों में चोरी की रेत के अंबार लगे हुए हैं। प्रशासन खासकर खनिज विभाग को यह पूछने की हिम्मत नहीं हो रही है कि रेत खनन पर रोक लगी होने के बाद भी इतनी बड़ी मात्रा में रेत कहां से लाए? प्रशासन व खनिज विभाग को सब कुछ पता होने के बाद भी अनजान बनता है। माफिया के सामने प्रशासन बोना सिद्ध होता है। इसी कारण रेत चोरों के बारे न्यारे हो रहे हैं।

**दोनों तटों पर प्रशासन की आंख में धूल झौंकता है माफिया**

नर्मदा और तवा के दोनों तटों के इस पार उस पार दोनों तरफ के रेत चोर प्रशासन की आंख में मिर्ची झौंक कर नहीं सरेआम रेत चोरी करता है। प्रशासन की मजाल नहीं कि रोक टोक कर सके। प्रशासन में बैठे तथाकथित अधिकारी व खनिज विभाग के कर्मचारी खानापूर्ति करने के लिए एक दो ट्राली व कभी कभार एक दो डंपर पकड़कर उन्हें खड़े करके वाहवाही लेता रहता है। पिछले कई महिनों नहीं कई सालों से यह देखने में नहीं आया कि प्रशासन स्तर पर रेत चोरों के खिलाफ कड़ी कारवाई हुई हो। सिर्फ खानापूर्ति स्तर की कार्रवाई की जाती है। जिससे प्रशासन की नियत साफ नजर आती है। ऐसे अधिकारियों के गिरोह को प्रशासन कहना भी उचित नहीं है।

# नर्मदा तट पर स्थित हिंगलाज मंदिर में लग रहा देवी भक्तों का तांता

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा तट के खर्राघाट पर स्थित देवी हिंगलाज मंदिर में देवी भक्तों का तांता लगा हुआ है। नवरात्र के दौरान एकम तिथि से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। मां नर्मदा का सुहावना तट होने के साथ यहां पर देवी मंदिर परिसर में जो प्राकृतिक वातावरण बना हुआ है। इस कारण भी लोग पर्यटन की दृष्टि से भी यहां पर वर्ष के 12 महिने आते हैं। लेकिन नवरात्र के दौरान यहां पर हर दिन भीड़ लगी रहती है। मंदिर के पुजारी पं भवानी प्रसाद तिवारी ने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। इस स्थान के बारे में उन्होने बताया कि मां के दरबार में माथा टेक कर जो मंनत मांगी जाती है। वह पूरी होती है। जिनकी मन्नत पूरी हो जाती है वे उसके बाद निरंतर यहां पर आकर देवी दरबार में माथा टेकने के लिए नवरात्र में जरूर आते हैं। यह क्रम शारदीय नवरात्र में ज्यादा रहता है। कई श्रद्धालु यहां आकर मां नर्मदा में स्नान करने करने के बाद भी दर्शन और पूजन अर्चन करते हैं।

# पिपरिया एसडीएम ने दुर्गा पंडालों की सुरक्षा के लिए निर्देश जारी किए

नर्मदापुरम (निप्र)। पिपरिया एसडीएम श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने पिपरिया के सभी दुर्गाउत्सव समितियों से आग्रह किया है कि पिपरिया मंगलवारा चौक में लगे सीसीटीवी के नीचे किसी भी प्रकार की आतिशबाजी,पुतला दहन आदि ना करें। प्राय: देखने में आ रहा है कि किसी भी प्रकार के कार्यक्रम में मंगलवारा चौक पर कई प्रकार की आतिशबाजी की जाती है, सीसीटीव्ही कैमरा को दृष्टिगत रखते हुए इनसे दूरी बनाकर आतिशबाजी की जाए, एसडीएम ने कहा कि विगत दिनों आतिशबाजी के कारण कुछ कैमरों में तकनीकी खराबी आ गई थी इस कारण मंगलवारा चौक का कुछ दिनों के लिए सीसीटीवी का संचार बंद हो गया था। मंगलवारा चौक पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे उच्च क्वालिटी के है खराबी आ जाने से लगभग 20 से 25 दिन का समय लग जाता है। एसडीएम ने सभी दुर्गा समितियों से कहा है कि अपने पंडाल निर्माण, प्रतिमा स्थापना, साजसज्जा, श्रृंगार व प्रतिदिन सज रही झाँकियों के 30 - 45 सेकेंड के HD वीडियो अनुविभागीय कार्यालय अवश्य भेजें।



# समेरिटंस विद्यालय में गरबा महोत्सव

नर्मदापुरम (निप्र)। नवरात्रि पर्व के अवसर पर शनिवार शाम समेरोटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें समूह के सभी आठों विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पूरा परिसर मां जगदम्बा की आराधना में डूबा रहा। कार्यक्रम में मां भवानी की भक्ति गीतों पर ही आधारित रहा। प्रतिभागियों ने धार्मिक भजनों पर गरबा की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में समूह के जुमेराती, माखननगर, सोहागपुरए पिपरिया, इटारसी, बायां, सिवनी मालवा विद्यालयों ने प्रस्तुति दी। देर रात तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत बुजुर्गों का सम्मान



नर्मदापुरम (निप्र)। शक्ति अभिनंदन अभियान के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया और नोडल अधिकारी व्ही पी गौर के मार्गदर्शन में आज महिला बुजुर्गों सम्मान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर नर्मदापुरम द्वारा आसरा वृद्धाश्रम, बांद्राभान में बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में स्थानीय समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और बुजुर्गों की समस्याओं एवं उनके योगदान पर विचार साझा किए।इस सम्मान समारोह में बुजुर्गों को शाल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और युवाओं को जीवन के महत्वपूर्ण सबक दिए। इस पहल ने बुजुर्गों के प्रति समाज की सोच में बदलाव लाने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए अब 14 अक्टूबर तक कराया जा सकेगा पंजीयन

*किसान पंजीयन की सभी प्रक्रियाएं समय सीमा में पूर्ण कराएं : गोविंद सिंह राजपूत*

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 14 अक्टूबर तक कर दी गई है। पहले यह अवधि 4 अक्टूबर तक थी, जिसे किसानों की सुविधा के लिए और बढ़ाया गया है।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री की अगुवाई में किसानों के कल्याण के लिए लगातार नई योजनाएं और कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर किसान को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिले और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तिथि बढ़ने से अधिक से अधिक किसान पंजीयन करवा सकेंगे और समर्थन मूल्य का लाभ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन करने के लिए किसान पंजीयन की अवधि 19 सितंबर से प्रारंभ है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने किसान पंजीयन की सभी प्रक्रियाएँ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश के किसानों की सुविधा को देखते हुए इस बार किसानों को घर बैठे मोबाइल से भी पंजीयन की सुविधा दी गई है। किसान इस सुविधा का लाभ भी उठा रहे हैं। उन्होंने बचे हुए किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं न हो।



**इस तरह किसानों को दी जा रही पंजीयन की जानकारी**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों को पंजीयन के लिए विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जा रही है। जिन किसानों के मोबाइल नंबर उपलब्ध हैं, उन्हें एसएमएस से सूचित किया जा रहा है। इसके अलावा गांव में डोंडी पिटवाकर ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर पंजीयन सूचना प्रदर्शित की गई है। वहीं समिति/मंडी स्तर पर बैनर भी लगाएं गए हैं। जबकि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं के पंजीयन केन्द्र पर एवं एम.पी. किसान एप पर पंजीयन की सुविधा दी गई है।

## आगामी रबी फसलो में डी.ए.पी. के विकल्प के तौर पर एस.एस.पी., एन.पी.के. एवं यूरिया उर्वरक उपयोग करने से अच्छी उपज प्राप्त कर सकते है और उत्पादन पर नहीं पड़ेगा विपरीत प्रभाव : उप संचालक कृषि

नर्मदापुरम (निप्र)। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग जेआर हेडाऊ ने बताया कि मृदा एवं फसल अनुसार सही समय पर, सही विधि से, सही मात्रा में डाला गया उर्वरक ही संतुलित उर्वरक है। कृषि भूमि की सेहत, फसल की आवश्कता और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के बारे में पर्याप्त जानकारी नही होने के चलते, किसान भाई आम तौर पर नाइट्रोजन धारी उर्वरको का अत्याधिक मात्रा में प्रयोग करते है, जो न सिर्फ कृषि उपज की गुणवत्ता के लिए खतरनाक है बल्कि मिटटी की संरचना, सेहत एवं उर्वरा शक्ति्त को हानि पहुंचाते है साथ ही इससे भूमिगत जल में नाइट्रेट की मात्रा भी बढ जाती है। इससे मानव स्वास्थ और पर्यावरणीय समस्याए भी उत्पन्न होती है।

उप संचालक ने किसान भाईयों से कहा कि किसान भाई अधिकतर रबी फसलों की बुआई डी.ए.पी. उर्वरक के साथ करते है और डी.ए.पी. उर्वरक में जो पोषक तत्व फसलों की वृद्धि उत्पादन प्राप्त करने में सहायक होते है। फसलों की अच्छी वृद्धि एवं उपज प्राप्त करने के लिए उन पोषक तत्वों की पूर्ति एस.एस.पी., एन.पी. के.. यूरिया जैसे 12:32:15, 14:35:14, 20:20:0:13 या 16:16:16 इत्यादि काम्प्लेक्स उर्वरको का उपयोग कर फसलों की अच्छी वृद्धि और उपज प्राप्त करने हेतु पौषक तत्वों की आपूर्ति कर सकते हैं। गेहूँ की बोवाई के समय एन.पी. के. 12:32:16, 14:35:14, 20:20:0:13 या 16:16:16 खाद का प्रयोग लाभकारी है। एन.पी. के. 12:32:16 में पहला अंक ऐन, नाइट्रोजन 12 प्रतिशत, दूसरा अंक पी. फास्फोरस-32 प्रतिशत, तीसरा अंक के. पोटेशियम-16 प्रतिशत होता है। दानेदार रहने से अनाज वाली फसलों में बीज की बोवाई के समय प्रयोग कर सकते है

# सीएमएचओ ने डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के उपाय बताएं

नर्मदापुरम (निप्र)।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार द्वारा बताया गया कि, वर्तमान मे डेंगू मलेरिया के बचाव व नियंत्रण हेतु अपने घर परिसर और आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। अपने घर के सिंक, गमले, हौज आदि में साफ-सफाई रखें। इसके साथ ही घरों की छतों पर अटाला या गंदगी न होने दें।

**डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छर कहां पैदा होते है -**

छत पर रखी पानी की खुली टंकियां, टूटे बर्तन, मटके, कुल्हड, गमलों में एकत्र जल में, बेकार फेकें हुए टायरों में एकत्र जल में, बिना ढंके बर्तनों में एकत्र जल में, कूलर में एकत्र जल में, किचन गार्डन में रूका हुआ पानी, गमले, फूलदान, सजावट के लिए बने फव्वारे में एकत्र जल मे।

**डेंगू से बचाव के उपाय-**

डॉ देहलवार ने बताया कि डेंगू फैलाने वाले मच्छर रुके हुए पानी में पनपते हैं। इससे बचने के लिए टायर, प्लास्टिक कवर, फूल के बर्तन, पालतू जानवरों के पानी के कटोरे आदि जैसी चीज़ों को ढकें। इन मच्छरों के प्रजनन के लिए उपलब्ध आवास को कम करने (स्थिर पानी को खाली करने से) से डेंगू बुखार की रोकथाम में सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से घनी आबादी और भीड़ वाले स्थानों में मच्छर निरोधकों का उपयोग करने से मच्छरों को आपसे दूर रखने में मदद मिल सकती है। कुछ क्षेत्रों की यात्रा करते समय, और यहां तक कि जब आप घर पर हों, तो भी अपनी त्वचा पर मच्छर प्रतिरोधी क्रीम लगाएं। मच्छरों के काटने से बचने के लिए लंबी बाजू के कपड़े और मोटे पैंट, मोज़े और सुरक्षित जूते पहनें। डेंगू बुखार की रोकथाम के आपके प्रयास में, मच्छरदानी के नीचे सोने से आपको मच्छरों के काटने से सुरक्षा मिल सकती है। रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। फूलों के बर्तनों को खाली करें, अपने पालतू जानवर के पानी के कटोरे को साफ करें और बदलें, अपने घर के अंदर किसी भी पानी के पौधे को रखने से बचें, सुनिश्चित करें कि पानी से भरा हुआ हर बर्तन ढका हुआ हो।

**डेंगू के सामान्य लक्षण -**

तेज़ बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी आना, आँखों में दर्द होना, विभिन्न अंगों में सूजन, डेंगू के गंभीर लक्षण है इसके साथ ही गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी होना, मसूड़ों या नाक से खून आना, मल या उल्टी में खून आना, तेजी से सांस लेना, थकान, बेचैनी, त्वचा के नीचे ब्लीडिंग इनमें से 2 या अधिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार प्लेटलेट्स कम होने पर यह बुखार खतरनाक हो जाता है। मरीज की जान भी जा सकती है। गंभीर मामलों में गंभीर रक्तस्त्राव और शॉक सिंड्रोम लगता है, जिससे जान को खतरा हो सकता है।

**यदि बुखार हो तो क्या करें -**

डॉ देहलवार ने बताया कि बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच कराएं। मलेरिया की पृष्टि होने का पूरा उपचार लें। खाली पेट दवा कदापि न लें। मलेरिया हेतु खून की जांच व उपचार सुविधा समस्त शासकीय अस्पतालों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

विश्व शिक्षक दिवस पर विशेष लेख

# बच्चों के सारे सपने पूरे हो मेरी यही कोशिश है - शिक्षिका संध्या मलैया

**टेप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाती शासकीय प्राथमिक शाला आईटीआई की दिव्यांग शिक्षिका संध्या मलैया अपने हौसलों से शिक्षक बनने का बचपन का सपना किया पूरा**



नर्मदापुरम (निप्र)। मेरी दिव्यांगता ने कभी मुझे कमजोर नहीं किया ना ही मैंने कभी उसको अपने सपनों के बीच में आने दिया। यह कहना है शासकीय प्राथमिक शाला आईटीआई नर्मदापुरम की प्राथमिक शिक्षक संध्या मलैया का। सुश्री मलैया बचपन से ही दिव्यांग है उनकी पढ़ाई उनकी मां की सहायता से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी पढ़ाई में उनकी मां का बहुत बड़ा योगदान रहा, वे अपनी मां की गोद में बैठकर ही स्कूल जाती थी। सुश्री मलैया की प्राथमिक पढ़ाई कक्षा 1 से आठवीं तक शासकीय प्राथमिक शाला आईटीआई से हुई जहां पर वे आज प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ है। सुश्री संध्या मलैया बताती हैं कि उन्हें बचपन से ही पढ़ने लिखने में बहुत रुचि थी एवं उनका बचपन का सपना था कि वे एक शिक्षक बने। 1999 में प्राथमिक शाला सिलारी में शिक्षक के रूप में पदस्थ होकर उन्होने अपने सपने को पूरा भी किया तथा 2009 में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 10 वर्ष लाइब्रेरियन का भी पदभार संभाला। सुश्री मलैया द्वारा बच्चों के साथ कबाड़ से जुगाड़ में कई प्रोजेक्ट तैयार किए गए जिसमें उन्हें छोटे बच्चों का भी सहयोग मिलता रहा। वे बताती है कि बच्चों को वह टेप के माध्यम से पढ़ाती है। उनकी सदैव यही कोशिश रहती है कि उनके उनके द्वारा शिक्षित विद्यालय के बच्चे पढ़ लिख कर आगे बढ़े एवं अपने सपनों को पूरा करें।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com